आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 17 अंक 40 ● कटनी ● मंगलवार, 14 मार्च, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● फाल्गुन शुक्ल पक्ष 7 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## मोदी को टेढ़ी नजर से देखा तो आंखें निकाल लेंगे

### बीजेपी विधायक दिलावर बोले- दोबारा कहा तो सरेआम चौराहे पर निपटेंगे



**कोटा एजेंसी।** राजस्थान के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर दिए गए बयान पर राजनीति गरमा गई है। रंधावा के बयान के बाद बीजेपी के नेताओ ने पारा गरमा गया है। बीजेपी के प्रदेश महामंत्री व रामगंजमंडी से विधायक मदन दिलावर ने तो विवादित बयान जारी किया है। दिलावर ने कहा कि गुंडागर्दी करके दोबारा, मोदी की हत्या करने की बात कही तो सरेआम चौराहे पर निपटेंगे। इतना ही नहीं दिलावर ने कांग्रेस प्रभारी को गली का गुंडा तक कह डाला। दिलावर ने वीडियो बयान जारी कर कहा कि कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी रंधावा, कांग्रेसियों को सीख दे रहे हैं। मोदी को खत्म करने की बात करो, मोदी को खत्म करो। यानी मोदी की हत्या कर दो। मिस्टर रंधावा यदि तुम जैसे गली के गुंडों ने मोदी जी की तरफ टेढ़ी नजर से भी देखा तो आंखें निकाल लेंगे। समझते क्या हो अपने आपको। ऐसे गली के गुंडे बहुत घूमते हैं। जो कहते हैं मोदी को खत्म कर दो, मोदी की हत्या कर दो। तुम जैसे गुंडे राजस्थान छोड़ कर भाग जाएंगे। यदि तुम में थोड़ी भी समझ हो तो राजस्थान छोड़ देना। अगर तुमने गुंडागर्दी करके दोबारा मोदी की हत्या करने की बात कही, तो सरेआम चौराहे पर निपटेंगे। आपको बता दें कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उद्योगपति गौतम अडाणी पर निशाना साधते हुए उनकी तुलना ईस्ट इंडिया कंपनी से कर दी। रंधावा ने पीएम मोदी पर कई बड़े आरोप लगाए। उन्होंने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि कहीं चुनाव लड़ने के लिए मोदी ने पुलवामा कांड तो नहीं करवाया? वहीं, नरेंद्र मोदी को बेईमान भी कह डाला। रंधावा ने कांग्रेसियों को सीख देते हुए कहा था कि अपनी लड़ाई खत्म करें। मोदी-बीजेपी को खत्म करने की बात करिए। अगर मोदी खत्म हो गया तो देश बच जाएगा। अगर मोदी रहा तो देश बर्बाद हो जाएगा। मोदी देशभक्ति की बात करते हैं। उन्हें पता ही नहीं कि देशभक्ति होती क्या है?

## पापुआ न्यू गिनी में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए

**पोर्ट मोरेस्बी, एजेंसी।** दक्षिण पश्चिम प्रशांत महासागर क्षेत्र में द्वीपों का एक समूह पापुआ न्यू गिनी के मडांग में मंगलवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.3 मापी गयी। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने यह जानकारी दी। पापुआ न्यू गिनी इंडोनेशिया के समीप प्रशांत महासागर क्षेत्र में एक स्वतंत्र राष्ट्र है जो दक्षिण पश्चिम प्रशांत महासागर क्षेत्र में द्वीपों का एक समूह है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार भूकंप का 5.43 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 146.83 डिग्री पूर्वी देशांतर पर सतह से 221.58 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था।

# इंदौर में खनिज अधिकारी के यहां लोकायुक्त का एक साथ चार जगह छापा

**आय से अधिक संपत्ति का मामला**







■ इंदौर, यशभारत।

इंदौर में मंगलवार तड़के माइनिंग आफिसर के बंगले पर लोकायुक्त की कार्रवाई जारी है। देवास में पदस्थ इस अधिकारी पर आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया गया है।

### 1991 में द्वितीय श्रेणी अधिकारी के तौर पर पदस्थ हुए थे

खनीज अधिकारी का नाम एमके खताड़िया है और वह 1991 में द्वितीय श्रेणी अधिकारी के तौर पर पदस्थ हुए थे। वह इंदौर, देवास, धार, उज्जैन में पदस्थ रह चुके हैं। उनके तुलसी नगर के घर के साथ ही चार जगहों पर कार्रवाई जारी है। टीम तड़के चार बजे उनके बंगले पर पहुंच गई थी। इनके पास कई लक्जरी गाड़ियों के साथ संपत्ति आंकी गई हैं। अधिकारी ने अपने भाई के नाम से भी संपत्ति खरीदी है। इंदौर के पास पीथमपुर में भी उनकी कोई कंपनी बताई जा रही है। तुलसीनगर, उज्जैन सहित क्रेशर प्लांट देवगुराड़िया में हुई छापे मार कार्रवाई जारी है।

## जम्मू-कश्मीर में NIA की कई जगहों पर छापेमारी

### आतंकी फंडिंग के खिलाफ एक्शन

■ नई दिल्ली, एजेंसी।



एनआईए की टीम श्रीनगर, शोपियां, पुलवामा, अनंतनाग और कुलगाम सहित कश्मीर के कई हिस्सों में छापेमारी कर रही है. सूत्रों के अनुसार छापे आतंकी फंडिंग और अन्य आतंकवादी गतिविधियों के मामलों से संबंधित हैं. सूत्रों के मुताबिक, रेड के दौरान जमात-ए-इस्लामी से जुड़े अधिकांश लोगों के घरों को सर्च किया जा रहा है. जानकारी के मुताबिक, एनआईए की टीम ने शोपियां जिले के वाची एरिया में रेड की है. इसके साथ ही पुलवामा जिले के नेहमा, लिट्टर और कुलगाम जिले के फेसल इलाके में रेड चल रही है. एनआईए की एक टीम अनंतनाग के अचवल जिले में भी पहुंची है, जहां रेड अभी शुरू होनी है. आसिया अंद्राबी के घर की भी तलाशी इससे पहले सुबह तड़के श्रीनगर में महिला अलगाववादी आसिया अंद्राबी के घर की भी तलाशी ली गई थी. आसिया इस समय जेल में है. उसका घर 2019 में एनआईए ने अटैच कर दिया था. एक दिन पहले सोमवार (13 मार्च) को आईएसआईएस केरल मॉड्यूल मामले में एनआईए ने श्रीनगर में तलाशी अभियान चलाया था. एएनआई के मुताबिक, एनआईए अधिकारियों ने तलाशी के दौरान डिजिटल डिवाइस जब्त किए हैं. छापेमारी श्रीनगर के करफली मोहल्ला में एक उज़ैर अजहर भट के घर पर की गई. भट पर साजिश में शामिल होने का शक है।

## दिल्ली में घर के बाहर टहल रही महिला जज के साथ लूट

### बैग छीनने के बाद लुटेरों ने दिया धक्का

■ नई दिल्ली, एजेंसी।



दिल्ली में महिला जज के साथ लूट का मामला सामने आया है. महिला जज अपने बेटे के साथ घर के बाहर टहल रही थीं. बाइक सवार दो लुटेरों ने महिला जज का बैग छीनने के बाद उन्हें धक्का दे दिया. इससे उनके सिर पर भी चोट आई है. पुलिस ने इस मामले में दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है. मामला 6 मार्च का है. महिला जज रात 10 बजे अपने बेटे के साथ गुलाबी बाग के DA फ्लैट्स के बाहर टहल रही थीं. तभी बाइक सवार दो युवक आए और उन्होंने महिला जज रचना तिवारी का बैग छीन लिया और उन्हें धक्का दे दिया. इससे महिला जज सड़क पर गिर गईं, इससे उनके सिर पर चोट आई है. जज के बेटे ने इसके बाद अपने पिता को जानकारी दी. इसके बाद महिला को अस्पताल ले जाया गया. बताया जा रहा है कि जज के बैग में लगभग 8-10 हजार कैश और एटीएम और कुछ डाक्यूमेंट्स भी थे. मामला महिला जज से जुड़ा था, ऐसे में पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर जांच शुरू की. जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बाइक की पहचान की. इसके बाद पुलिस आरोपियों तक पहुंची. पुलिस ने इस मामले में दिलशाद और राहुल को गिरफ्तार किया है. पुलिस के मुताबिक, दिलशाद एक शातिर अपराधी है. उस पर 10 मामले दर्ज हैं. वहीं, राहुल पर अब तक कोई मामला दर्ज नहीं था।

### संसद के दोनों सदनों में आज भी हंगामा

## राहुल के बयान पर BJP और विपक्ष आमने-सामने

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा भारत के लोकतंत्र को लेकर लंदन में दिए गए बयान पर सोमवार को लोकसभा और राज्यसभा में भारी हंगामा हुआ था। संसद के दोनों सदनों में आज भी इसी मुद्दे को लोकर जबरदस्त हंगामा हो रहा है और लोकसभा की कार्यवाही को 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। दरअसल, बीजेपी जहां राहुल गांधी के लंदन में दिये गये बयान को लेकर माफी की मांग पर अड़ी है, वहीं कांग्रेस अडानी पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट की जेपीसी जांच की मांग कर रही है।



### आगे की रणनीति बना रही कांग्रेस

कांग्रेस मंगलवार विपक्षी दलों के साथ बैठक करके आगे की रणनीति तैयार करेगी। राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के चैंबर में आज सुबह विपक्षी दलों की बैठक हुई, और लगभग तभी तय हो गया था कि संसद में हंगामा जरूर होगा। बता दें कि राहुल गांधी के बयान पर बीजेपी हमलावर है तो कांग्रेस डिफेंसिव दिख रही है। सूत्रों के मुताबिक, विपक्ष की दूसरी पार्टियां भी आधे-अधूरे मन से इस मुद्दे पर कांग्रेस का साथ दे रही हैं, ऐसे में आने वाले समय में दूसरे विपक्षी दलों की क्या रणनीति होती है, यह देखने वाली बात होगी।

### राजनाथ सिंह ने साधा राहुल पर निशाना

लोकसभा में रक्षा मंत्री एवं सदन के उपनेता राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'राहुल गांधी, जो इस सदन के सदस्य हैं, ने लंदन में जाकर भारत को बदनाम करने की कोशिश की है।' उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने कहा है कि भारत में लोकतंत्र पूरी तरह से तहस नहस हो गया है और विदेशी ताकतों को आकर लोकतंत्र को बचाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'पूरे सदन को उनके इस व्यवहार की निंदा करनी चाहिए और आपके (अध्यक्ष के) द्वारा यह निर्देश दिया जाना चाहिए कि संसद के फोरम पर वे क्षमा याचना करें।

## MP विधानसभा बजट सत्र: BBC डॉक्यूमेंट्री के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पर कांग्रेस का वॉकआउट

■ भोपाल, यशभारत।



मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र की आज की कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस ने सदन से वॉकआउट कर दिया। कांग्रेस का कहना है, BBC की डॉक्यूमेंट्री के खिलाफ सदन में नियम विरुद्ध तरीके से निंदा प्रस्ताव लाया गया है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने कहा, ऐसा कहा गया कि सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित हुआ, लेकिन मैंने खड़े होकर उसी समय इस प्रस्ताव का विरोध किया था। शून्यकाल में कभी भी कोई संकल्प नहीं लाया जा सकता। कार्य मंत्रणा समिति में भी इसकी कोई चर्चा नहीं हुई थी। विधानसभा के अध्यक्ष नियम विरुद्ध सदन की कार्यवाही संचालित कर रहे हैं। मूकदर्शक बने हुए हैं। सोमवार को सदन में शून्यकाल के दौरान BBC की डॉक्यूमेंट्री इंडिया- द मोदी क्वेश्चन के खिलाफ अशासकीय संकल्प (निंदा) प्रस्ताव पास हुआ।सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह बोले- BBC डॉक्यूमेंट्री के खिलाफ प्रस्ताव नियम के तहत नहीं लाया गया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा- मैं इसका विरोध करता हूं। यह परंपरा लोकतांत्रिक नियमों के तहत नहीं। सत्ता पक्ष लोकतंत्र की धज्जियां उड़ा रहा है। संसदीय कार्यमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा- प्रस्ताव जब पास हो रहा था, तब कमलनाथ को छोड़कर अन्य कांग्रेस के सदस्य मौजूद थे। सज्जन सिंह वर्मा बोले- अध्यक्ष महोदय, नियम प्रक्रिया के तहत सदन नहीं चल रहा है। नियम प्रक्रिया वाली किताब फेंक रहे हैं। नरोत्तम मिश्रा बोले- यह हमारा देश का विरोध कर रहे हैं। बहस के बाद कांग्रेस सदस्यों ने सदन से वॉकआउट कर दिया।

## गुजरात पहुंचा एच3एन2 संक्रमण, वड़ोदरा में महिला की मौत, देश में तीसरा मामला

■ नई दिल्ली, एजेंसी।



भारत में एच3एन2 इंफ्लुएंजा का खतरा बढ़ता जा रहा है। हरियाणा और कर्नाटक के बाद अब गुजरात में मरीज की मौत की सूचना है। जानकारी के मुताबिक, इस वायरस के कारण गुजरात के वडोदरा में 58 वर्षीय महिला की मौत हो गई है। सैंपल जांच के लिए पुणे लैब भेजे जाएंगे। यह वायरस स्वाइन फ्लू का म्यूटेटेड वायरस है, जिससे देश में अब तक 3 लोगों की जान जा चुकी है।

### दिल्ली के अस्पतालों में बढ़ रहे मरीज

इस बीच, राजधानी दिल्ली से खबर है कि यहां के अस्पतालों के आईसीयू मे मरीज बढ़ने लगे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली के अस्पतालों में कथित तौर पर एच3एन2 इन्फ्लूएंजा रोगियों के आईसीयू में भर्ती होने की संख्या में वृद्धि देखी गई। इनमें से ज्यादातर बीमार और 75 वर्ष से अधिक उम्र के हैं। डॉक्टरों ने दिल्ली में लोगों को मास्क लगाने की सलाह दी है क्योंकि इस वायरस के कारण लंबे समय तक लक्षणों के साथ गंभीर फ्लू की आशंका है। चैरिटी अस्पतालों से मेडिकल कालेज खोलने का अनुरोध इस बीच, स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने देशभर के प्रतिष्ठित चैरिटी अस्पतालों से अनुरोध किया है कि वे अपना खुद का मेडिकल कालेज खोलें, ताकि छात्रों को कम खर्चे में मेडिकल शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके। मांडविया ने हाल ही में लगभग 62 प्रसिद्ध चैरिटी अस्पतालों के साथ बैठक की, जिन्होंने मेडिकल शिक्षा देने का अपना संस्थान नहीं खोला है।

## भोपाल गैस कांड पीड़ितों को नहीं मिलेगा अतिरिक्त मुआवजा, सुप्रीम कोर्ट में याचिका खारिज

■ भोपाल, यशभारत।

भोपाल गैस त्रासदी पीड़ितों को और मुआवजा नहीं मिलेगा। सुप्रीम कोर्ट ने 1984 की इस त्रासदी के पीड़ितों के लिए यूनियन कार्बाइड कारपोरेशन (यूसीसी) की उत्तराधिकारी फर्मों से 7,400 करोड़ रुपए के अतिरिक्त मुआवजे की मांग को लेकर केंद्र द्वारा दायर क्यूरेटिव याचिका पर मंगलवार को अपना फैसला सुना दिया। सर्वोच्च अदालत ने याचिका खारिज कर दी। इससे पहले यूसीसी की उत्तराधिकारी फर्मों ने शीर्ष कोर्ट में कहा था कि भारत सरकार ने 1989 में मामले के निपटारे के समय कभी भी यह सुझाव नहीं दिया कि दिया गया मुआवजा अपर्याप्त था। फर्मों के वकील ने इस बात पर जोर दिया था कि 1989 के बाद से रुपए का अवमूल्यन भोपाल गैस त्रासदी के पीड़ितों के लिए अब मुआवजे की मांग का आधार नहीं बन सकता है।



**राज्यसभा सांसद के सवाल पर विमानन मंत्री ने संसद में दिया जवाब**

## मध्यप्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा विकसित करने अभी तक नहीं सामने आया कोई प्रस्ताव

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

राज्यसभा में कांग्रेस सांसद विवेक कृष्ण तन्खा ने भारत सरकार के विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से सवाल किए हैं कि मध्यप्रदेश की आने वाली 21वीं सदी कैसी रहेगी? क्या मध्यप्रदेश राज्य में कभी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा बन पाएगा, इसके लिए भारत सरकार कोई योजना बना रही है क्या, क्योंकि इसकी मांग अब कई गुना बढ़ गई है। जिस पर संसद में सरकार के विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जवाब दिया है कि भारत सरकार को अब तक ग्रीन फील्ड हवाई अड्डा नीति के अनुसार मप्र में अंतर्राष्ट्रीय ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा विकसित किए जाने का कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। भारत सरकार ने ग्रीन फील्ड हवाई अड्डा नीति 2008 तैयार की है जिसमें देश भर में ग्रीनफील्ड हवाई अडडों के निर्माण से संबंधित विस्तृत दिशा निर्देश, प्रकियाएं और कदमों का विवरण दिया गया है। ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा नीति के अंतर्गत ग्रीन फील्ड हवाई अड्डे की स्थापना के इच्छुक परियोजना प्रस्तावक ,हवाई अड्डा विकासक और संबंधित राज्य सरकार को निर्धारित प्रारूप में अपना प्रस्ताव, नगर विमानन मंत्रालय को, दो चरणों की अनुमोदन प्रक्रिया अर्थात स्थल अनापत्ति, उसके बाद सैद्धांतिक अनुमोदन प्राप्त करने के लिए प्रस्तुत करना होता है। जानकारी के अनुसार इंदौर हवाई अड्डे को सीमाशुल्क के लिए अधिसूचित हवाई अड्डे के रूप में घोषित किया गया है और यहां से वर्तमान में दुबई के लिए अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों का प्रचालन किया जा रहा है।

## कतर में शुरू हुआ पांचवां वैश्विक सुरक्षा फोरम




■ नई दिल्ली, एजेंसी।

पांचवां वैश्विक सुरक्षा फोरम कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी के भाषण के साथ शुरू हो गया है। फोरम में ईरान के विदेश मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि दोनों पक्षों ने अफगानिस्तान में शांति और स्थिरता के लिए सहयोग का आह्वान किया। ग्लोबल सिक्योरिटी फोरम ने सोमवार को एक बयान में कहा, 2023 ग्लोबल सिक्योरिटी फोरम की थीम ग्लोबल ऑर्डर को फिर से नया स्वरूप देना है। फोरम ने कहा यह सम्मेलन अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण पर केंद्रित होगा जिसमें संकट और सहयोग तथा अन्य विषयों पर चर्चा शामिल है। सम्मेलन में वैश्विक ऊर्जा संकट और स्थायी अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत करने के दृष्टिकोण, यूक्रेन में युद्ध, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की भूमिका, वैश्विक आतंकवाद और उभरते खतरों का बढ़ना, दूर-दराज़ के क्षेत्रों में हिंसक चरमपंथी को नेटवर्क और वित्तपोषण और दुष्प्रचार-आतंकवाद गठजोड़ जैसे विषयों पर चर्चा होगी। बैठक में कहा, अफ़ग़ानिस्तान ने अमेरिका और अंतर्राष्ट्रीय सैन्य बलों के वापसी और तालिबान के सरकार के वास्तविक अधिग्रहण के बाद से जबरदस्त बदलाव का अनुभव किया है, जिसने लगभग आधी आबादी के लिए शिक्षा और रोजगार की संभावनाओं को गंभीर रूप खतरा बन गया है और प्रशासन और मानवीय संकटों को बढ़ा दिया है। कई विश्लेषकों ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय अफगानिस्तान में मानवीय संकट पर ध्यान केन्द्रित नहीं कर रहा है। राजनीतिक विश्लेषक हसन हक्यार ने कहा, इसका मतलब यह है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय अभी भी अफगानिस्तान को महत्व देता है। बैठक में अफगानिस्तान की सुरक्षा और उससे संबंधित चिंताओं पर चर्चा होगी और अफगानिस्तान के लोगों को दी जाने वाली सहायता पर भी चर्चा होगी।

**पहल** | सभी DM को आदेश, हर जिले को मिलेंगे 1 लाख रुपये

## चैत्र नवरात्रि पर अखंड रामायण-दुर्गासप्तशति पाठ कराएं: योगी

■ लखनऊ, एजेंसी।

चैत्र नवरात्रि के मौके पर इस बार यूपी में योगी सरकार विशेष आयोजन करने जा रही है। यूपी के हर जिले में योगी सरकार रामायण और दुर्गासप्तशती का पाठ करवाएगी। इस बारे में सभी जिलों के डीएम को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। सरकार की तरफ से इन आयोजनों के लिए हर जिले को 1 लाख रुपये का फंड दिया जाएगा। नवरात्रि में सभी शक्तिपीठों और मंदिरों में विशेष आयोजन होगा। सरकार जिला, तहसील और ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन करवाएगी।

### 22 मार्च से शुरू हो रहा चैत्र नवरात्रि

बता दें कि इस बार चैत्र नवरात्रि 22 मार्च से शुरू हो रहा है जो कि 30 मार्च तक चलेगा। नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा की विधि-विधान से पूजा होती है। योगी सरकार भी नवरात्र को धूमधाम से मनाने के लिए जोर-शोर से तैयारियों में जुटी हुई है। इस संबंध में प्रदेश के सभी जिलों के मंडलायुक्तों और DM को दिशा-निर्देश भी भेजे दिए गए हैं। प्रदेश सरकार जिलों के देवी मंदिरों व शक्तिपीठों में दुर्गा सप्तशती का पाठ और देवी जागरण का कार्यक्रम कराएगी। साथ ही झांकियों और अखंड रामायण पाठ का भी आयोजन किया जाएगा।



### महिलाओं की सहभागिता पर जोर

इन कार्यक्रमों में महिलाओं और लड़कियों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है। मंदिरों में जो भी कार्यक्रम योजित किए जाएंगे, उनके फोटोग्राफ संस्कृति विभाग की वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे। बताया जा रहा है कि इन आयोजनों के लिए प्रत्येक तहसील और जिला स्तर पर आयोजन समिति का गठन किया जाएगा।

### मंदिर के नाम-पते, तस्वीरें साझा करने के निर्देश

अधिकारियों को 21 मार्च तक सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही जिन मंदिरों में कार्यक्रम होंगे उनके नाम-पते, मंदिरों की तस्वीरें और मंदिर प्रबंधन निकायों के संपर्क विवरण साझा करने का निर्देश दिया गया है। इसको लेकर राज्य स्तर पर दो नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं, जो इन कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में मदद करेंगे।

# विधायक की नाराजगी पड़ेगी भारी प्रशासनिक सर्जरी की तैयारी

## विधानसभा अवमानना की जद में कटनी प्रशासन, भोपाल तक मचा हड़कंप



**कटनी, यशभारत।** कटनी में जिला प्रशासन में इन दिनों हड़कंप की स्थिति है। दरअसल कटनी के विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने एसीसी अडानी के अमेहटा प्लांट में स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं दिये जाने के मामले में गंभीर रूख अपनाते हुए इस मामले को विगत दिनों विधानसभा में उठाया था। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष तथा मंत्री ने प्रशासन को निर्देश दिए थे कि बैठक बुलाकर इसका निराकरण करें। 11 मार्च को बैठक होनी थी। लेकिन जिला प्रशासन ने बैठक अमेहटा या कैमोर में करने की बजाए कटनी कलेक्ट्रेट में ही कर ली, जबकि स्थानीय जनप्रतिनिधि 11 तारीख को बैठक के इंतजार में बैठे रहे। इसके बाद विधायक संजय पाठक ने स्थानीय प्रशासन तथा कंपनी के अधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक में 5 दिन में तमाम समस्याओं के हल करने को कहा और ऐसा नहीं होने पर कड़ा रूख अख्तियार करने की चेतावनी दी। विधायक श्री पाठक की इस चेतावानी के बाद से ही कटनी से भोपाल तक हड़कंप मच गया और आनन फानन वल्लभभवन से लेकर विधानसभा तक मामलाा चर्चाओं में आ गया।

अब भोपाल से मिली जानकारी के अनुसार इस पूरे मामले को बेहद गंभीरता से लिया गया है। इस पूरे मामले में की रिपोर्ट तलब की गई है। साथ ही साथ इस संवाद हीनता को लेकर जिम्मेदारों पर कार्रवाई भी सरकार की ओर से प्रस्तावित है। माना जा रहा है कि अगले एक दो दिन में कटनी में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल देखने को मिल सकता है। हालांकि इस पूरे घटनाक्रम के बाद जिला प्रशासन बैक फुट पर नजर आ रहा है। कलेक्टर ने भी सफाई दी है। पर मामला स्थानीय लोगों के रोजगार से जुड़ा है। एसीसी जो अब अडानी के अधिपत्य में इसके 18 सौ करोड़ के अमेहटा प्लांट लगने की खबर के बाद स्थानीय लोगों को बड़ी उम्मीद थी कि अमेहटा ही नहीं कटनी जिले विजयराघवगढ़ के लोगों को रोजगार के द्वार खुलेंगे लेकिन ऐसा नहीं हो सका। विधायक श्री पाठक ने तो यह भी आरोप लगाया था कि इतने बड़े प्लांट में स्थानीय 6 लोगों को भी रोजगार नहीं मिला है। इससे पहले भी कई बार विधायक ने स्थानीय प्रबंधन से बात कर यहां रोजगार के साधन मुहैया कराने की पहल की थी।

### ये है पूरा मामला

उल्लेखनीय है कि विधानसभा के बजट सत्र के दौरान विधायक संजय पाठक ने विजयराघवगढ़ विधानसभा में एसीसी कंपनी कैमोर, अमेहटा एवं सेल इंडिया गैरतलाई के द्वारा स्थानीय लोगों को रोजगार में प्राथमिकता न दिए जाने व बड़ी संख्या में किसानों की जमीन को बिना अधिग्रहण किए सालों से कब्जा कर बहुमूल्य खनिज का दोहन किए जाने तथा जिन जमीनों का लगान किसान जमा कर रहे हैं उनको भी बाढ़ लगाकर उनको उनकी जमीन में जाने से रोक दिए जाने, एवं स्थानीय मजदूरों की जगह प्रदेश के बाहर के 3300 मजदूरों बुला कर बिना पुलिस वेरिफिकेशन न कराने का मुद्दा ध्यानाकर्षण सूचना प्रश्न क्रमांक 285 के माध्यम से उठाया था। जिस पर विभागीय मंत्री औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने स्थानीय लोगों को प्लांट में 70 प्रतिशत से अधिक स्थानीय श्रमिकों को सुनिश्चित करने कटनी के पठरा क्षेत्र में खुले में फेंकी जा रही ये फ्लाई ऐश सहित अन्य विषयों को हल करने के लिए स्थानीय विधायक के रूप में संजय सत्येन्द्र पाठक साथ जिला प्रशासन के अधिकारी एवं कंपनी के अधिकारी चर्चा कर हल करने हेतु 11 मार्च को बैठक बुलाई थी।

## 12 वीं फिजिक्स के पेपर में गलती, छात्रों में भ्रम, क्या दोबारा होगा पेपर ?

**कटनी, यशभारत।** कक्षा 12 वीं का फिजिक्स का पेपर क्या दोबारा होगा ?, 70 नंबर के पेपर में 35 नंबर के प्रश्न गलत आने पर कमेटी बनाई गई है। इसे लेकर कटनी में भी छात्रों में न सिर्फ नाराजगी बल्कि भ्रम की स्थिति बनी है। छात्रों ने बताया कि प्रश्नपत्र देख कर ही वह दंग रह गए थे। समझ में ही नहीं आया कि यह विषय के प्रश्न भी हैं या फिर नहीं आपको बता दें कि माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्य प्रदेश, भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 12 हाई सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा में फिजिक्स के पेपर में कई गलतियां हैं। ऐसे सवाल पूछ ले रहे हैं जो ब्लूप्रिंट में भी नहीं है। स्थिति यह है कि फिजिक्स के पेपर में किसी भी बच्चे के टॉप करने की कोई संभावना ही नहीं है। ऐसी स्थिति में पेपर दोबारा आयोजित किया जाना चाहिए। कक्षा 12 हायर सेकेंडरी फिजिक्स सके अलावा इंग्लिश वर्जन में भी गलतियां हैं। यह गड़बड़ी कोई प्राइवेट ट्यूशन टीचर नहीं बल्कि 2 विशेषज्ञ व्याख्याताओं द्वारा पकड़ी गई है। मामला गंभीर है। बयान जारी करके ठंडा नहीं कर सकते इसलिए 3 सदस्यों की एक कमेटी बना दी गई है। अब देखना यह है कि कमेटी क्या करेगी। जानकारी के अनुसार शिव वीर सिंह भदौरिया, व्याख्याता के पद पर पदस्थ हैं, फिजिक्स के विशेषज्ञ हैं और प्राचार्य संवर्ग संघ के प्रांतीय संयोजक भी है। उन्होंने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को चिट्ठी लिखकर बताया है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्य प्रदेश, द्वारा आयोजित कक्षा 12 हाई सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा में फिजिक्स के पेपर में कई गलतियां हैं। ऐसे सवाल पूछ ले रहे हैं जो ब्लूप्रिंट में भी नहीं है। स्थिति यह है कि फिजिक्स के पेपर में किसी भी बच्चे के टॉप करने की कोई संभावना ही नहीं है। ऐसी स्थिति में पेपर दोबारा आयोजित किया जाना चाहिए। बोर्ड ने इन आरोपों की जांच के लिए एक कमेटी बनाई है। देखना यह है कि कमेटी विद्यार्थियों के हित में फैसला लेती है या पेपर बनाने वालों का बचाव करती है। क्योंकि यह गड़बड़ी बोर्ड द्वारा नहीं पकड़ी गई बल्कि फिजिक्स के लेक्चरर द्वारा पकड़ी गई है इसलिए यह संदेह किया जाना जरूरी है कि, इस तरह की गड़बड़ी और भी कई पेपरों में हुई होगी और भविष्य में भी हो सकती है। बोर्ड की तरफ से अब तक यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि, संपन्न हो चुके पेपर और आने वाले पेपरों में कोई गड़बड़ी नहीं है। क्योंकि एक बार गड़बड़ी सामने आ चुकी है इसलिए सभी पेपरों की जांच करना जरूरी है।



# समाज सेवा से बड़ा पुण्य कोई नहीं

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में कार्यक्रम



**कटनी, यशभारत।** समाज सेवा से बड़ा पुण्य कार्य कोई नहीं। समाज सेवा अगर नि: स्वार्थ भाव से की जाए तो मानवता का कर्तव्य सही मायनों में निभाया जा सकता है। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय लोगों को आध्यात्म से जोड़कर बखूबी यह काम निभा रही है यह बात रोशन नगर स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सिविल लाइन की उपशाखा में प्रभारी सुमन बहन के नेतृत्व सिविल लाईन राजयोग केन्द्र संचालिका बी के लक्ष्मी बहन के मार्गदर्शन में संस्था की पूर्व प्रशासिका दादी गुलजार के स्मृति दिवस पर आयोजित आध्यात्मिक कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी ने कही।

कार्यक्रम का शुभारंभ दादी के तैल चित्र समक्ष दीपक सोनी भाजपा जिलाध्यक्ष , रणवीर कर्ण भाजपा जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट नंदिता करण, गणेश प्रसाद श्रीवास्तव , डीजल शेड के शंकर यादव ,राज भाई, दिलीप विश्वकर्मा द्वारा पुष्प अर्पित करके हुआ। बीके लक्ष्मी बहन ने बताया कि दादी की स्मृति दिवस को आज संस्था दिव्यता दिवस के रूप में मना रही है दादी गुलजार जी अंत तक शारीरिक व्याधियों से ग्रस्त होने के बावजूद वह एक अथक आध्यात्मिक सामाजिक कार्यकर्ता थीं। उन्होंने ताउम्र परमात्मा का संदेशवाहक बनकर अथक सेवाएं कीं। दादी जी हमेशा सभी को एक महामंत्र देते थे कि कम बोलो, धीरे बोलो, मीठा बोलो और सदा ईश्वर को अपना साथी बना कर रहो तो कभी परेशान नहीं होगे एवं सदा खुश रहेगे।। उन्होंने लाखों लोगों के जीवन में आध्यात्मिक चेतना की अलख जगाकर उन्हें प्रभु से जोड़ा। इस अवसर पर बहनों द्वारा अतिथियों को ईश्वरीय सौगात भेंट की गई। कार्यक्रम समापन पर सभी भाई बहनों ने दादीजी की प्रेरणा को धारण करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बी के शिवानी बहन संध्या बहन सबिता बहन अनीता बहन नेहा बहन सुरेश भाई सहित अन्य की उपस्थिति रही।

## कन्या महाविद्यालय में बेहतरीन प्रयास

# प्रोफेसर्स के मार्गदर्शन में छात्राओं ने बनाए हर्बल कलर




**कटनी, यशभारत।** शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी के वनस्पति शास्त्र, माइक्रोबायोलॉजी विभाग एवं इको क्लब के तत्वावधान में प्राचार्य डॉ आर के गुप्ता के मार्गदर्शन में इको क्लब प्रभारी एवं वनस्पति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ प्रज्ञा अग्रवाल द्वारा दिनांक 13 मार्च 2023 को हर्बल कलर निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ प्रज्ञा अग्रवाल द्वारा छात्राओं को बेसन, हल्दी ,चुकंदर, टेसू, कत्था, पालक आदि प्राकृतिक संसाधनों से कलर बनाकर कलर की विशेषता बताई गई। जैसे पालक से बना हरा रंग समृद्धि, टेसू से बना पीला वा नारंगी रंग ज्ञान व विद्या, हल्दी व नीबू से बनाना लाल रंग शक्ति, कत्था से बना भूरा रंग एकता की भावना का प्रतीक है। इस अवसर पर प्राणी शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉक्टर साधना जैन ने छात्राओं को हर्बल कलर बनाने व उनसे होली खेलने के लिए प्रोत्साहित किया ,ताकि वर्तमान में हो रही त्वचा संबंधी समस्याओं से बचा जा सके। भौतिक शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ रश्मि चतुर्वेदी ने छात्राओं को इंद्रधनुष के रंगों के बारे में बताते हुए हर्बल कलर से होली खेलने की सलाह दी। छात्रा गरिमा चक्रवर्ती ,अंशुल चतुर्वेदी कामिनी परोहा ,मांडवी, काजल रजक पार्वती विश्वकर्मा ने रंगों को बनाते हुए हर्बल कलर के महत्व से अवगत कराते हुए बताया की हर्बल कलर प्रकृति एवं मनुष्यों के लिए हानिकारक नहीं होता है। महाविद्यालय की समस्त छात्राएं इस कार्यशाला से अत्यधिक प्रभावित व खुश नजर आए। कार्यशाला को सफल बनाने में डॉ रीना मिश्रा, सुश्री आरती वर्मा,डॉ मोनिका दुबे, सुश्री निदा एवं श्रीमती संध्या सिंह का विशेष योगदान रहा।




# जब सरकारी अस्पताल की आग की जांच नहीं हो पाई तो प्राइवेट की कैसे होगी?



**कटनी, यशभारत।** जब सरकारी अस्पताल में आग लग जाए तो प्राइवेट अस्पतालों की व्यवस्था को कैसे जांचा जाए। तभी तो कटनी में पूरे एक साल होने को हैं मगर बिना फायर सेफ्टी प्राइवेट अस्पताल लगातार जारी हैं। एक दो बार जांच हुई अस्पताल सील करने की बात भी हुई लेकिन कुछ नहीं हो सका उसके बाद तो कुछ ऐसा घटा कि अब तो शासन प्रशासन के पास इन निजी अस्पतालों को भी निर्देश देने के लिए भी कुछ नहीं बचा। क्योंकि प्राइवेट तो ठीक ही थे कटनी के सरकारी अस्पताल में ही आग ने तांडव मचा दिया। वो तो भला हो कर्मचारियों और पुलिस का जो कोई भी हताहत नहीं हुआ लेकिन अब एक बार फिर से निजी अस्पतालों में फायर सेफ्टी की जांच ठंडे बस्ते में ही चली गई है। जाए भी क्यों न सरकारी अस्पताल में ही आग की जांच अब तक पूरी नहीं हो पाई। जिला अस्पताल के 150 बिस्तर वाली नई बिल्डिंग के लेबर रूम में अचानक आग भड़क गई थी। घटना 20 फरवरी की रात की है। आग लगने के बाद अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया था, 94 मरीजों की जान पर आफत बना आई थी। आनन-फानन में मरीजों, प्रसूताओं व बच्चों को बाहर किया गया व आग को नियंत्रित करने के बाद फिर से भर्ती कराया गया था। अस्पताल में आग किन कारणों से लगी इसकी जांच के लिए कलेक्टर ने 21 फरवरी को आदेश जारी कर टीम गठित की। टीम को तीन दिन में जांच रिपोर्ट सौंपनी थी, लेकिन टीम अभी तक जांच नहीं कर पाई और फिर कलेक्टर को चिट्ठी लिखकर तीन दिन का समय मांगा गया है। सवाल यह उठता है कि अस्पताल के लेबर रूम के एक कमरे में आग लगी, लेकिन अभी तक इसकी जांच पूरी नहीं हो पाई है। वहीं अस्पताल में सुरक्षा को लेकर अभी भी पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। कलेक्टर अवि प्रसाद ने जांच के लिए 6 सदस्यीय जांच टीम गठित की है। इसमें एसडीएम प्रिया चंद्रावत, अधीक्षण यंत्री अयूब खान, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग हरि सिंह, सीएमएचओ डॉ. प्रदीप मुढिया़, वीके गौतम अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग, उपयंत्री राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन राजेश डोंगरे सहित विद्युत सुरक्षा सब इंजीनियर ज्योति यादव द्वारा की जा रही है। यह जांच टीम नगर निगम, पीआइयू व जिला चिकित्सालय के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा फायर सेफ्टी के संबंध में किए गए उपायों की जांच करनी थी।

## विस्तृत जांच करने मांगा समय

एसडीएम ने प्राथमिक तथ्यात्मक प्रतिवेदन, मौके की वस्तुस्थिति का प्रतिवेदन विद्युत भवन के विद्युत अंकेक्षण, फायर सेफ्टी एवं अन्य कारणों की जांच कर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किए जाने के लिए और समय दिए जाने मांग की है। गौरतलब है कि जिला चिकित्सालय के नवीन भवन के प्रथम तल में स्थित प्रसव कक्ष में प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट से आग लग गई थी। जिसके विस्तृत कारणों व सुधारात्मक कार्यवाही के लिए कलेक्टर अवि प्रसाद ने जिला चिकित्सालय के नवीन भवन के के विद्युत अंकेक्षण, फायर सेफ्टी एवं अन्य कारणों की जांच किये जाने के लिए 6 सदस्यीय जांच दल का गठन किया था।

यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें
फोन :- 230033

# बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व पार्क के लिए आएंगे बारहसिंघा



**कटनी, यशभारत।** जिले से सटे उमरिया जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में सरकार द्वारा बारहसिंघा लाने की योजना चल रही है। वनमंत्री विजय शाह ने कहा कि नए मेहमानों को लाने के लिए प्रैक्टिस की जा रही है। इसके बाद जल्द ही बारहसिंगा बांधवगढ़ आ जाएंगे। वनमंत्री ने कहा कि बारहसिंघा बांधवगढ़ लाने की अनुमति दे दी गई है। सेंसिटिव प्राणी होने के कारण इतना लंबा चलने में उन्हें परेशानी होती है। इसके लिए विभाग लगातार प्रेक्टिस कर रहा है और जल्द ही बांधवगढ़ में बारहसिंघा को ले आया जाएगा। विभागीय लोगों की माने तो बांधवगढ टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने पार्क के मगधी जोन में लगभग 100 हेक्टेयर का बाड़ा भी तैयार कर लिया है। जहां बाहर से लाए गए बारहसिंगा को इंक्लोजर में रखने की तैयारी की जाएगी, उसके कुछ दिन बाद उन्हें जंगल में आजाद किया जाएगा। प्रदेश के वन मंत्री विजय शाह अल्प प्रवास के दौरान विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक के बंगले पहुंचे। यहां पर विधायक ने खितौली वन परिक्षेत्र के ग्राम बिरूहली और जगुआ के बीच टाइगर सफारी बनाने का मांग करते हुए पत्र सौंपा। पाठक ने मंत्री शाह को बताया कि खितौली जोन के ग्राम बिरूहली और जगुआ के बीच ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए इस क्षेत्र में टाइगर सफारी बनाए जाने को आपार संभावना है बाधवगढ़ नेशनल पार्क से सटे हुए खितौली वन परिक्षेत्र का एरिया जोकि जंगल के प्राकृतिक विविधताओं से भरपूर इस क्षेत्र में इको टूरिज्म सुविधाओं को विस्तार देकर टाइगर देखने के लिए सैलानियों को लुभाने की योजनाओं को बढ़ाया जा सकता।

# सीएम से अध्यक्ष तक हर कार्यकर्ता बूथ पर

## भाजपा का बूथ विस्तारक अभियान-2 शुरू

## बिना जानकारी दिए बड़े नेता पहुंचेंगे बूथ पर



**कटनी, यशभारत।** भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, मंत्री, विधायक, जिलाध्यक्ष सहित सभी कार्यकर्ता बूथ विस्तारक अभियान 2 के तहत चलो बूथ की ओर में सहभागी बनेंगे। यह अभियान आज से शुरू हो गया। इस बार कोई भी बड़ा नेता प्रदेश अथवा केन्द्रीय स्तर का बिना जानकारी दिए किसी भी बूथ पर पहुंच सकता है। इस संबंध में जिला कार्यालय में जिला पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष, मण्डल प्रभारी, मोर्चा अध्यक्षों की बैठक में जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन ने पूरी कार्ययोजना विस्तार से रखी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा का वर्चुली मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि अगले 10 दिन मध्यप्रदेश भाजपा का ऐतिहासिक अभियान शुरू होगा जिसके तहत प्रत्येक भाजपा का कार्यकर्ता चाहे वह किसी भी दायित्व में हो इसका सहभागी बन कर बूथ विस्तारक अभियान में जुटेंगे। प्रदेश के करीब 65 हजार बूथों में बूथ समिति पेज प्रमुख पन्ना प्रमुख त्रिदेव की रचना बूथ विस्तारक अभियान के प्रथम संस्करण में पूरी की गई थी। जिसका सम्पूर्ण डेटा का एक बार पुनः फिजिकल वेरिफिकेशन इस अभियान में किया जाएगा उन्होंने कहा कि 14 से 24 मार्च तक हर कार्यकर्ता इस महाअभियान को सफल बनाने जी जान से जुट जाएं। यह ऐसा अभियान होगा जिसमें हम बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से न सिर्फ संवाद कायम करेंगे वरन देश प्रदेश की भाजपा सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं की जनता तक पहुंच के बारे में भी जानकारी लेंगे। जो भी पात्र हमारी सरकार की योजना से लाभान्वित या फिर वंचित है उससे सम्पर्क करेंगे। अभियान में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, मंत्रीगण के साथ संगठन के शीर्ष नेतृत्व की सहभागिता रहेगी। बूथ विस्तारक अभियान-2 पूरे देश मे एक ऐतिहासिक महाभियान के संकल्प के साथ चलेगा। जिला अध्यक्ष ने सभी मण्डल अध्यक्ष, मण्डल प्रभारी, मोर्चा अध्यक्ष के साथ जिले में निवासरत प्रदेश पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य कनिष्ठ वरिष्ठ प्रत्येक भाजपाजनों से बूथ तक पहुंचने का आव्हान किया। महत्वपूर्ण बैठक की प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जाएगी। आईटी, सोशल मीडिया तथा मीडिया के माध्यम से इसका प्रचार प्रसार होगा। बैठक में बूथ विस्तारक योजना के जिला प्रभारी सुनील उपाध्याय ने इस अभियान की बारीकियों से अवगत कराया, इसी तरह जिला महामंत्री सतीश तिवारी, चेतन हिंदूजा ने बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की पहुंच की जानकारी दी। जिला उपाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी ने संकल्प दिलाया कि कटनी पिछली बार की तरह इस बार भी बूथ विस्तारक अभियान में अव्वल होगा। इस अवसर पर पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सोनी ने सभी कार्यकर्ताओं से 10 दिन पूरे मनोयोग से जुटने का आव्हान किया। इस अवसर पर भावना सिंह, सुरेश राय, रणवीर कर्ण, रामू साहू, विजय दुबे, शिवम शर्मा, धीरेंद्र सिंह, प्रकाश सिंघानिया, अम्बरीष वर्मा, आशुतोष शुक्ला, सीमा जैन, ओंकार मिश्रा, रवि खरे, ललित जायसवाल, कौशल दुबे, अभिषेक ताम्रकार, मनीष दुबे, वागीश आनन्द, मृदुल मिश्रा, सौरभ अग्रवाल, संकल्प तिवारी, राजेंद्र कोल, शिवकुमार चौधरी, प्रदीप साहू उपस्थित थे।

## बिजली के खंभे से टकराई कार, एक की मौत, चार घायल



कटनी, यशभारत। माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पीडब्ल्यूडी कॉलोनी के पास बीती रात 2 बजे एक तेज रफ्तार से भागती कार बिजली के खंभे से टकरा गई। इस दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। चारों दोस्त आज सुबह विश्राम बाबा से कुम्हार मोहल्ला की तरफ जा रहे थे, उसी दौरान यह दुर्घटना हो गई। बताया जाता है कि बरगवां कटाएघाट मोड निवासी 21 वर्षीय सत्यम तिवारी पिता श्याम सुंदर तिवारी, 22 वर्षीय आकाश कोपरहा पिता संतोष कोपरहा, बल्देवबाग जबलपुर निवासी 30 वर्षीय लकी दुबे पिता हरीशंकर दुबे, चेरीताल जबलपुर निवासी 20 वर्षीय अनिकेत नामदेव एवं आशीष विश्वकर्मा बीती रात दो कार क्रमांक एमपी 21 सीए 2819 से विश्राम बाबा से कुम्हार मोहल्ला की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार से भागती कार बिजली के खंभे से टकरा गई। जिससे एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

यश भारत

# सिटी न्यूज़

कटनी, मंगलवार, 14 मार्च 2023

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# हिस्ट्रीशीटर रज्जाक सहित पांच भाइयों पर अवैध खनन व रॉयल्टी चोरी का मामला दर्ज

## 1600 घनमीटर अवैध मार्बल खनन कर 16 लाख रुपए रॉयल्टी की चोरी

## निमास में मार्बल खदान की लीज स्वीकृत कराकर दूसरे स्थान पर कर रहे थे खनन

## राजस्व, खनिज व पुलिस की संयुक्त टीम ने जांच में पाई गड़बड़ी

**कटनी, यशभारत।** जबलपुर निवासी हिस्ट्रीशीटर अब्दुल रज्जाक सहित उसके पांच भाइयों पर पुलिस प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। उनके द्वारा 2006 में मार्बल खदान स्वीकृत कराकर निर्धारित लीज स्थान की बजाए दूसरे स्थान पर मार्बल खनन कर सरकार को लाखों रुपए के राजस्व की क्षति पहुंचाई गई। प्रशासन व खनिज विभाग में हुई शिकायत के बाद कलेक्टर ने इस मामले में जांच के आदेश दिए। राजस्व विभाग व पुलिस की टीम ने संयुक्त जांच कार्रवाई की है। जांच में दोषी पाते हुए अब्दुल रज्जाक सहित उसके पांच भाइयों पर स्लीमनाबाद थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जबलपुर निवासी अब्दुल रज्जाक स्लीमनाबाद के ग्राम निमास में लीज पर मार्बल खदान चला रहा था। इसमें इसके पांच अन्य भाई पार्टनरशिप में थे। निर्धारित खसरे की लीज के बजाय लीज के बाहर जमीन पर मार्बल खनन कराया जा रहा था। इसमें सरकार को लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान पहुंचाया गया है। इनके द्वारा 1600 घन मीटर खनिज का अवैध तरीके से जांच में खनन करना पाया गया। सरकार को 16 लाख रुपए रॉयल्टी की चपत लगाई गई है।

### लीज से दूसरी जगह कर रहे थे खनन

एक जानकारी के अनुसार खनन माफिया स्वीकृत लीज से दूसरी जगह पर खनन कर रहे थे। खसरा नंबर 766, 784, 785, 796, 797, 804 के कुल रकबा 8.51 हेक्टेयर की लीज स्वीकृत थी। स्वीकृत लीज से अलग मेसर्स एडब्ल्यू एंड संस के द्वारा मनमाना खनन किया जा रहा था, जिस पर कार्रवाई की गई है।

### लीज भी हो गई थी निरस्त

बताया जा रहा है कि जिस स्थान पर मार्बल का खनन कराया गया है उसकी लीज भी निरस्त हो गई थी। इसके बाद भी मनमाना खनन किया गया है। उत्खनन 2006 से लेकर अब तक किया जाना पाया गया है। खनिज अधिकारी की रिपोर्ट पर स्लीमनाबाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

### जांच के बाद हुई एफआइआर

रॉयल्टी चोरी, अवैध खनन की शिकायत कलेक्टर अवि प्रसाद व खनिज विभाग के पास पहुंची। कलेक्टर ने इस मामले को संज्ञान में लिया। जांच के लिए टीम गठित की। इसमें जिला खनिज अधिकारी संतोष सिंह को जांच कराने के निर्देश दिए। खनिज विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस की संयुक्त टीम ने मामले की जांच की। जांच में पाया कि 16 घन मीटर मार्बल खनिज का अवैध खनन किया गया है।

### इन पर बना मामला

जिला खनिज अधिकारी संतोष सिंह की शिकायत पर स्लीमनाबाद थाने में हिस्ट्रीशीटर अब्दुल रज्जाक सहित उसके पांच अन्य भाइयों पर एफआईआर दर्ज हुई है। पुलिस ने धारा 4,21 खान खनिज विकास अधिनियम, धारा 379ए बेईमानी पूर्वक शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाने पर धारा 420 के तहत एफआइआर दर्ज की गई है। पुलिस ने मेसर्स एडब्ल्यू एन्ड संस के संचालक हाजी अब्दुल रज्जाक, हाजी अब्दुल खालिक, हाजी मोहम्मद रियाज, हाजी मोहम्मद अब्बास, हाजी मोहम्मद महमूद, हाजी मोहम्मद शहाबुद्दीन के खिलाफ एफआइआर दर्ज की गई है।

# अवैध शराब के साथ कई गिरफ्तार

**कटनी, यशभारत।** पुलिस ने अलग-अलग ठिकानों में दबिश देकर बड़ी मात्रा में शराब जप्त की है। कुठला पुलिस ने पिपरिया परौहा नैगवा रोड भटिया के पास बिलहरी में पप्पू यादव व नीरज यादव दोनों निवासी खिरहनी थाना स्लीमनाबाद को 300 पाव देशी शराब सहित पकड़ा है। पकड़ी गई शराब की कीमत लगभग 18 हजार रुपए बताई गई है। तस्करों से मोटर साइकिल भी जप्त की गई है। इसी प्रकार माधवनगर पुलिस ने अशोक नर्सरी के आगे बरगवां में अश्वनी कुमार बिन्द निवासी इन्द्रागाधी वार्ड संतनगर को 16 पाव देशी शराब सहित पकड़ा है। स्लीमनाबाद पुलिस ने ग्राम छिंदहाई टोला पडरभटा में शनि कोल निवासी ग्राम पड़रभटा को 18 पाव देशी प्लेन शराब सहित पकड़ा है। स्लीमनाबाद पुलिस ने ग्राम साल्हेभार में ओमकार सिंह को 5 लीटर शराब, ग्राम सरसवाही खैरमाई के पास संतराम चौधरी को 5 लीटर, ग्राम पौनिया मेन रोड के पास संतो बाई को 18 पाव शराब, ग्राम महगवां रोड के पास मुकेश कुमार काछी को 18 पाव, ग्राम पौडी मोड के पास किशनलाल विश्वकर्मा पिता निवासी भटिया मोहल्ला बिचुआ को 18 पाव देशी प्लेन शराब सहित पकड़ा है। आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

### 1130 किलोग्राम महुआ लाहन कराया नष्ट

**कटनी, यशभारत।** दो दिवसों में जिला आबकारी अधिकारी आर के बघेल के निर्देशन में आबकारी वृत्त ढीमरखेड़ा के ग्राम पानउमरिया, धनवाही, बान्ध, पटना, लालगांव एवं ग्राम किसगी में टीम ने कार्रवाई की। यहां टीम ने 150 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 8 लीटर अवैध हाथ भट्टी मदिरा के कुल 4 न्यायालयीन प्रकरण दर्ज किए। इसी तरह आबकारी वृत्त कटनी क्रमांक 2 के आधारकाप, निमियाहार, गाडाहार एवं तेलियनपार में जप्ती 980 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 73 लीटर अवैध हाथ भट्टी मदिरा के कुल 9 न्यायालयीन प्रकरण दर्ज किए गए। मौके पर महुआ लाहन का सैंपल लेकर नष्ट किया गया।

# द्वारकाधीश जा रहे तीर्थयात्रियों का किया स्वागत

**कटनी, यशभारत।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलाई जा रही मु यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत नगरीय सीमा के 34 बुजुर्ग महिला पुरुष तीर्थ यात्रियों को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक एवं एमआईसी सदस्य श्रीमती बीना बैनर्जी की उपस्थिति में पुष्पमाला से स्वागत कर द्वारकाधीश के लिए रवाना किया। तीर्थ यात्रा में जा रहे बुजुर्ग यात्रियों से मिलकर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि प्रदेश सरकार हर वर्ग की चिंता कर रही है। हमारे धरोहर स्वरुप बड़े बुजुर्गों द्वारा तीर्थ दर्शन करने के बाद अंतरआत्मा से हमें आशीर्वाद दिया जा रहा है। जो कि अविस्मरणीय है, उनके द्वारा दिया गया आशीर्वाद कभी खाली नहीं जाता है। 13 मार्च को मु यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत नगरीय सीमा अंतर्गत 34 यात्रियों का जत्था साउथ रेलवे स्टेशन से द्वारकाधीश को रवाना किया गया। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश शासन धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग मंत्रालय भोपाल के द्वारा मु यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत कार्यक्रम निर्धारित किया गया था। जिसमें तीर्थयात्रियों द्वारकाधीश की यात्रा में जाने के लिए मु यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत आवेदक से प्राप्त आवेदन पत्र में समग्र आईडी वोटर आईडी आधार कार्ड एवं कोविड वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट की जानकारी अनिवार्य रूप से ली गई हैं। द्वारकाधीश की यात्रा में साउथ स्टेशन से जाने वाले यात्रियों की विदाई बेला में पार्षद श्रीमती सीमा श्रीवास्तव, ननि राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक तीर्थ यात्रा में जाने वाले यात्रियों के परिजनों की उपस्थिति रही।



## सायना इंटरनेशनल कालेज में 18 मार्च को रोजगार मेले का आयोजन

### विभिन्न सेक्टर की लगभग 25 से अधिक कम्पनियां होंगी शामिल

**कटनी,यशभारत।** शहर के सायना इंटरनेशनल कालेज में आगामी 18 मार्च 2023 शनिवार को एक रोजगार मेला का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में भारत वर्ष व प्रदेश की प्रसिद्ध कम्पनियां हिस्सा ले रही हैं। इनमें हेल्थकेयर, आईटी, मार्केटिंग, होटल, एवीऐशन, बीपीओ, एजुकेशन, इंश्योरेंस, मेन्यूफेक्चरिंग इत्यादि विभिन्न सेक्टर की लगभग 25 से अधिक कम्पनियां शामिल होंगी जो कि प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। इस मेले में लगभग 1000 से अधिक छात्र -छात्राओं को रोजगार मिलने का अनुमान है जिसके लिए 5000 से छात्र- छात्राओं के उपस्थित होने का अनुमान है। इस रोजगार मेले द्वारा संस्था तथा अन्य छात्र-छात्राएं लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम में विभिन्न कम्पनियों के अलग-अलग स्टॉल होंगे जहां पर उन कम्पनियों के प्रतिनिधि तथा संस्था के वॉलेंटियर उपस्थित रहेगें। वॉलंटियर्स के माध्यम से आने वाले सभी का रजिस्ट्रेशन करवाने तथा विभिन्न कोर्सेस से संबंधित करियर काउंसलिंग की सुविधा भी उपलब्ध होगी। इस दौरान छात्र - छात्राएं करियर गाइडेंस का लाभ ले सकेंगे और इससे जुड़ी अन्य सहायता भी प्राप्त कर पाएंगे। रोजगार मेले में भाग लेने के इच्छुक छात्र झिंझरी स्थित कालेज परिसर स्थित ऑफिस में संपर्क कर सकते हैं।

# अनियंत्रित होकर कार पलटी, चार घायल

### एक गंभीर, बाकल में सड़क हादसा

**कटनी, यशभारत।** बाकल थाना अंतर्गत बहोरीबंद मार्ग पर कुंडलपुर जा रही एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसके कारण कार में सवार महिलाओं सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों को बहोरीबंद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। जहां एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। दुर्घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कार में सवार होकर कुछ लोग कुंडलपुर जा रहे थे। उसीदौरान बाकल थाना अंतर्गत बहोरीबंद मार्ग पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसके कारण कार में सवार महिलाओं सहित चार लोग घायल हो गए। चीख पुकार मची तो लोग मदद के लिए दौड़े और कार में अंदर फंसे लोगों को बाहर निकालकर संजीवनी 108 की मदद से बहोरीबंद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। जहां एक की हालत गंभीर होने के कारण प्रारंभिक उपचार के बाद गहन उपचार के लिए जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया।



### पुलिस ने मुक्त कराए 41 मवेशी

**कटनी, यशभारत।** माधवनगर थाना क्षेत्र की झिंझरी चौकी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 41 नग मवेशियों को मुक्त कराया है। आरोपियों द्वारा क्रूरता पूर्वक कंटेनर में भरकर ले जाया जा रहा था। चौकी प्रभारी रश्मि सोनकर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर वाहन क्रमांक एम.एच.4जीसी-5024 को देवरीटोला के पास रोककर जांच की गई। चालक मोहम्मद मतलूम न्यू आनंदनगर जबलपुर हनुमानताल से पूछताछ की। वाहन की जांच की तो उसमें 41 नग मवेशी भरे मिले, जिन्हें मुक्त कराते हुए पुलिस ने गौशाला में रखवाया। इन मवेशियों को चालक सहित मोहम्मद आशिफ निवासी बड़ी मदार टेकरी थाना हनुमानताल जबलपुर, मोहम्मद सद्दाम निवासी उस्ताद अखाड़ा हनुमानताल जबलपुर पर कार्रवाई की गई है।

# छात्राओं ने बेसन, हल्दी, चुकंदर, टेसू व कत्था से बनाए रंग



### गर्ल्स कॉलेज में हर्बल कलर निर्माण कार्यशाला में बिखरा उल्लास

**कटनी, यशभारत।** शासकीय कन्या महाविद्यालय के वनस्पति शास्त्र, माइक्रोबायोलॉजी विभाग एवं इको क्लब के तत्वावधान में प्राचार्य डॉ आर के गुप्ता के मार्गदर्शन में इको क्लब प्रभारी एवं वनस्पति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ प्रज्ञा अग्रवाल द्वारा हर्बल कलर निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ प्रज्ञा अग्रवाल द्वारा छात्राओं को बेसन, हल्दी, चुकंदर, टेसू, कत्था, पालक आदि प्राकृतिक संसाधनों से कलर बनाकर कलर की विशेषता बताई गई। जैसे पालक से बना हरा रंग समृद्धिए टेसू से बना पीला वा नारंगी रंग ज्ञान व विद्याए हल्दी व नीबू से बनाना लाल रंग शक्ति, कत्था से बना भूरा रंग एकता की भावना का प्रतीक है। इस अवसर पर प्राणी शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉक्टर साधना जैन ने छात्राओं को हर्बल कलर बनाने व उनसे होली खेलने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि वर्तमान में हो रही त्वचा संबंधी समस्याओं से बचा जा सके। भौतिक शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ रश्मि चतुर्वेदी ने छात्राओं को इंद्रधनुष के रंगों के बारे में बताते हुए हर्बल कलर से होली खेलने की सलाह दी। छात्रा गरिमा चक्रवर्ती, अंशुल चतुर्वेदी, कामिनी परोहा, मांडवी, काजल रजक, पार्वती विश्वकर्मा ने रंगों को बनाते हुए हर्बल कलर के महत्व से अवगत कराते हुए बताया की हर्बल कलर प्रकृति एवं मनुष्यों के लिए हानिकारक नहीं होता है। महाविद्यालय की समस्त छात्राएं इस कार्यशाला से अत्यधिक प्रभावित व खुश नजर आए। कार्यशाला को सफल बनाने में डॉ रीना मिश्राए सुश्री आरती वर्माएडॉ मोनिका दुबेए सुश्री निदा एवं श्रीमती संध्या सिंह का विशेष योगदान रहा।

# निगमाध्यक्ष ने ई-केवायॅसी काउंटर का किया निरीक्षण

**कटनी,यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मध्य प्रदेश शासन द्वारा लाडली बहना योजना प्रारंभ करने का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना है। ऐसी महिलाएं जो गरीब हो, असहाय हो या फिर जीवन यापन बहुत मुश्किल से कर रही हो, ऐसी महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये की राशि देकर उनको आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जाएगा। जिससे महिलाएं समाज में एक सम्मान पूर्वक जीवन यापन कर सकेंगी। नगर निगम कटनी के समग्र केन्द्र में लाडली बहना योजना का लाभ प्राप्त करनें हेतु अधिक संख्या में महीलाओं की भीड देखकर निगमाध्यक्ष श्री मनीष पाठक द्वारा समग्र केन्द्र का निरीक्षण करते हुए वहा उपस्थित कर्मचारियों से जानकारी ली कर्मचारियों द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि समग्र आईडी से आधार लिंक ई-केवायॅसी का कार्य सर्वर डाउन होने से प्रक्रिया में विलंब हो रहा है। जिससे ई-केवायॅसी हेतु आने वाले हितग्राहियों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है । उपरोक्त कठिनाई के संबंध में निगमाध्यक्ष मनीष पाठक द्वारा दूरभाष पर आयुक्त से चर्चा करते हुए कहा कि काउंटर की संख्या कम है जिसे बढानें के साथ ही हितग्राहियों की बैठक व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था ग्रीष्म ऋतु प्रारंभ होने से धूप से बचाव हेतु टेंट व्यवस्था कराई जाने की बात कही । निगमाध्यक्ष मनीष पाठक द्वारा जानकारी देते हुए कहा कि शहर के नागरिको की सुविधा हेतु ई-केवायॅसी का कार्य नगरपालिक निगम कटनी के जोन कार्यालय माधवनगर उप कार्यालय, टीसी बजान, बस स्टैंड आडिटोरियम, दुर्गा चौक खिरहनी में भी किया जा रहा है साथ ही उक्त कार्य हेतु दल गठित कर दिया गया है जो घर.घर जाकर ई-केवायॅसी का कार्य पूर्ण करेगें। निगमाध्यक्ष श्री पाठक ने शहर के नागरिकों से अपील करते हुए कहा किए लाडली बहना योजना हेतु पात्र महिलाएं ई-केवायॅसी करने हेतु samagra.gov.in पर जाएं, अपनी समग्र आईडी प्रविष्ट करें, अपना मोबाइल नंबर दर्ज कर ओटीपी से सत्यापन करेंए अपना आधार नंबर दर्ज करें तथा आधार से प्राप्त ओटीपी की प्रविष्टि कर अपने आधार को सत्यापित करें। आधार में दर्ज आपका नामए जन्मतिथि और लिंग का समग्र डाटा से मिलान होने पर आपका आधार ई-केवायॅसी हो जाएगा।



### दो जुआ फड़ों पर पुलिस की रेड

**कटनी, यशभारत।** दो ठिकानों पर दबिश देकर पुलिस ने जुआरियों को पकड़ा है। जानकारी के अनुसार मिथलेश का ढाबा चाका में दबिश देकर संजय यादव, उदयभान यादव, गनेश तिवारी, लल्लू चौधरी को पुलिस ने जुआ खेलते पकड़ा है। इसी प्रकार एनकेजे पुलिस ने ग्राम कटंगी कला में दबिश देकर अनुज चौदहा निवासी सस्कार भारती स्कूल के पीछे थाना कोतवाली, कमलेश पटेल निवासी जुहला थाना एनकेजे, गुड्डू कुशवाहा निवासी बरगवां थाना एनकेजे को जुआ खेलते पकड़ा है। जुआरियों के विरुद्ध जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### सूचना

मैं राजकुमार केवट पिता श्री सियाशरण केवट उम्र लगभग 43 वर्ष निवासी म.नं. 184 वार्ड क्र.10 आम के पेड़ के पास ग्राम डीघी तहसील विजयराघवगढ़ जिला कटनी (म.प्र) यह निम्नलिखित कथन करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूं। मेरी पुत्री अनामिका केवट जो कि वेस्ट सेन्ट्रल सीनियर सेकेंडरी स्कूल एन.के.जे. कटनी में कक्षा पहली की नियमित छात्रा है। मैंने अपनी पुत्री को कक्षा पहली में प्रवेश हेतु फार्म भरा था जिसमें भूलवश अपना सरनेम उल्लेखित नहीं किया था, मेरी पुत्री के शालेय दस्तावेजों में मेरे नाम के साथ जाति केवट दर्ज किया जावे। जिस संबंध में यह सूचना प्रकाशित है।

किराए से देना है
एक रूम 12 बाय 15 अटैच 3000/- प्रति व्यक्ति
एक हॉल 22 बाय 50 कार्यालय, दुकान एवं गोदाम के किराए से देना है
संपर्क-8109417340

mgm HOSPITAL
कटनी में पहली बार सुपर स्पेशिलिटी स्वास्थ्य सेवाएं
नागपुर,दिल्ली, कलकत्ता, मुंबई के विशेषज्ञ चिकित्सक
कटनी में प्रतिदिन उपलब्ध
एम.जी.एम.हॉस्पिटल कटनी
डॉ. एस.के.गुप्ता — दिल्ली के वरिष्ठ न्यूरो-स्पाइन सर्जन
डॉ. एस.के.सिंह — कलकत्ता के वरिष्ठ पेट रोग विशेषज्ञ तथा जनरल एवं लेप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. पंकज गुप्ता — फ्रैक्चर एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशिलिटी सुविधायें 24 घंटे उपलब्ध है
CT Scan
M.R.I.
एंजियोग्राफी
एंजियोप्लास्टी
दूरबीन सर्जरी
डायलसिस
डॉ. रवि कुमार — कंसलटेंट फिजिशियन
डॉ.मानसी गुप्ता — मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ
डॉ. सुचित्रा — स्त्री रोग विशेषज्ञ, IVF स्पेशलिस्ट
24 घंटे इमरजेंसी सेवाएं
कचहरी चौक, फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड के सामने, कटनी 07622-405070 9424957890
www.mgmhospitalkatni.com | info@mgmhospitalkatni.com

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners
CINEWORLDZ CINEMA KATNI
Millal MALL
Paytm
book my show
From 9th March 2023



2D
Show Timing
10:30 AM 1:15 PM 4:00 PM
7:00 PM 10:00 PM
2:00 PM 5:00 PM 8:00 PM
10:45 PM
9:00 AM 12:00 PM 3:00 PM
6:00 PM 9:00 PM
TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor, Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

# राहुल गाँधी पर आरोप लगाने वाली गोडसे समर्थक प्रज्ञा ठाकुर की सोच निंदनीय

■ भोपाल, यशभारत।





मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं भोपाल की पूर्व महापौर विभा पटेल ने भोपाल की सांसद प्रज्ञा सिंह समेत भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा कि उन्हें राष्ट्रभक्त परिवार के राहुल गांधी की आलोचना करने का अधिकार नहीं है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे को अपना आदर्श बताने वाली सांसद प्रज्ञा सिंह की भाषा निम्न स्तरीय है। उन्हें न इतिहास का पता है और न ही राजनीतिक, संवैधानिक ज्ञान है। इस कारण सस्ती लोकप्रियता अर्जित करने की खातिर वे घटिया बयानबाजी करने पर उतर आई है। उनके आरोप निंदनीय है। गौरतलब है कि संत हिरदाराम नगर में शनिवार को सांसद प्रज्ञा सिंह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लिए कहा- विदेशी महिला से पैदा बेटा कभी देशभक्त नहीं हो सकता। इन्हें अब राजनीति में मौका नहीं दिया जाना चाहिए। देश से बाहर निकाल दिया जाना चाहिए

श्रीमती पटेल ने उन्हें याद दिलाया वे खुद एक महिला है। साथ ही साध्वी है। ऐसे में सांसद प्रज्ञा सिंह से सभ्य एवं मर्यादित भाषा की अपेक्षा की जाती है। भारत में शुरू से वसुधैव कुटुंबकम वह दार्शनिक अवधारणा है, जो सार्वभौमिक भाईचारे और सभी प्राणियों के परस्पर संबंध के विचार को पोषित करती है। भारतीय सभ्य समाज, सभ्यता, संस्कृति और सनातनी दर्शन को भूलकर वे अनर्गल प्रलाप कर रही है। वे मालेगांव बम ब्लास्ट मामले में जेल की हवा खा चुकी है। उनके कृत्यों से प्रदेश की जनता परिचित है। सांसद प्रज्ञा सिंह को ये जानना-समझना चाहिए कि स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन और देश निर्माण में गांधी परिवार एवं कांग्रेस का योगदान अतुल्यनीय है। राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ और भाजपा के किसी नेता ने आजादी की लड़ाई में हिस्सा नहीं लिया और न ही देश के लिए कुर्बानी दी। उन्होंने सांसद प्रज्ञा सिंह से पूछा है कि राहुल गांधी की आलोचना करने के पहले वे बताए राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के नागपुर स्थित मुख्यालय पर आजादी मिलने के बाद तिरंगा क्यों नहीं फहराया गया। क्या संघ ने देश के लिए कोई कुर्बानी दी है। श्रीमती पटेल ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा कैंब्रिज विश्वविद्यालय में दिए गए लेक्चर का जहां तक सवाल है तो उन्हें यह अधिकार संविधान ने दिया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी बहुत ही मौलिक प्रश्न उठा रहे हैं। आखिर क्यों अल्पसंख्यकों, दलितों और जनजातियों पर हमले किए जा रहे हैं। ऐसी हर कोशिश क्यों की जा रही है जिससे मोदी सरकार और उनके सहयोगियों के प्रति कोई भी 'असहमति' न दिखा सके। विभा पटेल ने आरोप लगाते हुए कहा कि तमाम भाजपाइयों के पास एक ही काम है, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की छवि खराब करना। राहुल जी को भारत जोड़ो यात्रा में मिली अपार सफलता से ये बौखला गए हैं। इस कारण बोलने की आजादी को खत्म करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई, आयकर विभाग का इस्तेमाल राजनीतिक उपयोग के लिए किया जा रहा है।

## मत्स्य बीज हेचरी निर्माण के लिए आवेदन आमंत्रित

■ भोपाल, यशभारत।

मत्स्य विभाग के अंतर्गत नील क्रांति योजना में मत्स्य बीज उत्पादन हेतु सर्कुलर हैचरी की स्थापना की जाती है जिसमें उच्च गुणवत्ता का मत्स्य बीज उत्पादन किया जाता है और रोजगार का लाभ भी ले सकते है। योजना में सभी वर्ग के इच्छुक व्यक्ति जो हैचरी निर्माण कर, मत्स्य बीज उत्पादन से स्वयं का रोजगार स्थापित करना चाहते हो वे जिले के मत्स्य अधिकारी और क्षेत्रीय अधिकारियों को आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। मत्स्य अधिकारी ने बताया कि योजना में इकाई लागत राशि रूपए 25 लाख की होती है जिसमें हितग्राही को 50 प्रतिशत का अनुदान दिया जाता है। जिला मत्स्य अधिकारी ने बताया कि मत्स्य बीज उत्पादन हेतु सर्कुलर हैचरी की स्थापना कर स्वयं का रोजगार प्राप्त करने के लिए हितग्राही के नाम से 2.00 हैक्टेयर से अधिक भूमि दस्तावेज के साथ आवश्यक अनुमति होना चाहिए। चयनित हितग्राही के लिए योजना निर्माण कार्य के लिए उपर्युक्त स्थल का चयन, भूमि का नक्शा एवं खसरा संबंधित सभी दस्तावेज होना आवश्यक है। हितग्राही स्वयं के व्यय से राष्ट्रीयकृत बैंकों से वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकता है। सहायक यंत्री, तकनीकी अधिकारियों द्वारा उक्त भूमि का निरीक्षण उपरांत प्लान तथा स्टीमेट बनाया जाएगा, हितग्राही को संबंधित विषय का प्रशिक्षण प्राप्त करना आवश्यक होगा, निर्माण कार्य तकनीकी अमले के निर्देशन में किया जाएगा, हितग्राही को शासकीय दर से मत्स्य पालकों को मत्स्य बीज विक्रय करना होगा और हैचरी निर्माण के पश्चात हैचरी में सुधार, मरम्मत तथा प्रबंधन हितग्राही को स्वयं करना होगा। हितग्राही की प्रशिक्षण अवधि 5 दिवस की होगी।

# 31 अगस्त तक भोपाल आएगी पहली मेट्रो

## 90 किलोमीटर प्रतिघंटा होगी रफ्तार

■ भोपाल, यशभारत।

गुजरात के बड़ोदरा स्थित सावली में मेट्रो निर्माण के लिए अल्सटाम ट्रांसपोर्ट इंडिया कारखाना लगाने जा रहा है। इसका निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। सोमवार को मप्र के नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह इस कारखाने का वर्चुअल शुभारंभ किया। इसके बाद मेट्रो ट्रेन का निर्माण शुरु कर दिया जाएगा। 31 अगस्त 2023 तक भोपाल व इंदौर में एक-एक मेट्रो ट्रेन की आपूर्ति शुरु कर दी जाएगी। उन्?होंने कहा कि 31 अगस्त तक इसका ट्रायल पूरा करना है, 31 अगस्त के पहले आप लोग कोच लेकर भोपाल आएंगे, हमें उम्मीद है मुख्यमंत्री और हम आपका स्वागत करेंगे। मुझे विश्वास है कंपनी इसको समय पर पूरा करेगी केंद्र सरकार का पूरा सपोर्ट हमारे साथ हैमेट्रो के वरिष्ठ अधिकारी रविवार को ही सावली पहुंच गए हैं। जहां सुबह विधिवत पूजन के बाद उत्पादन संयंत्र का शुभारंभ किया। इस दौरान उनके साथ प्रमुख सचिव नगरीय प्रशासन नीरज मंडलोई, मेट्रो के प्रबंध संचालक मनीष सिंह, परियोजना निदेशक अजय शर्मा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।भोपाल व इंदौर में मेट्रो ट्रेन की रफ्तार 90 किलोमीटर प्रतिघंटा रहेगी भोपाल में 27 व इंदौर में 25 मेट्रो चलेगीभोपाल में 81 कार (डिब्बे) (तीन कारों की 27 ट्रेन) तथा इंदौर में 75



कार (डिब्बे) (3 कारों की 25 ट्रेन) का निर्माण प्रस्तावित है। मेट्रो कार की लंबाई 22 मीटर तथा चौड़ाई 2.9 मीटर होगी। दोनों ही शहरों में मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार 31 सितंबर 2023 से पहले प्रायोरिटी कारिडोर में मेट्रो का ट्रायल रन होना है। जबकि संचालन मार्च 2024 से शुरु होगा। हर 90 सेकंड में मिलेगी मेट्रो यात्रियों को मेट्रो स्टेशन पर ट्रेन का अधिक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। हर 90 सेकंड में यात्रियों को मेट्रो मिलेगी। पहले चरण में भोपाल में 30.9 किलोमीटर के मार्ग में मेट्रो का संचालन होगा। मेट्रो रेल परियोजना के लिए रोलिंग स्टाक कारों के रखरखाव 15 वर्ष तथा सिग्नलिंग, ट्रेन नियंत्रण और दूरसंचार प्रणालियों के लिए सात वर्ष तक व्यापक रखरखाव करने की जिम्मेदारी निर्माण एजेंसी की होगी।

### बिना चालक के दौड़ेगी ट्रेन

बिजली की आपूर्ति के लिए 750 ड्क्ष्ष्ट (3 ह्स्न रेल) पर आधारित होगी। यह अत्याधुनिक सिग्नलिंग तकनीक त्ळ्ह्व-4 (बैंड आफ आटोमेशन 4) अनअटेन्डड ट्रेन आपरेशन मोड (ड्राइवरलेस) पर आधारित होगी। शुरुआत में भोपाल एवं इंदौर मेट्रो ड्राइवराटेन आपरेटर के द्वारा चलाई जाएगी तथा भविष्य में (2-3 वर्ष उपरांत) अनअटेन्डड ट्रेन ऑपरेशन मोड में बिना ड्राइवर आपरेटर के संचालन होगा। भारत में अभी केवल दिल्ली मेट्रो की एक लाइन में इस तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। इसके साथ ही अत्याधुनिक टेलीकम्यूनिकेशन (दूरसंचार) सिस्टम के अंतर्गत इमरजेन्सी हेल्प पाइंट सिस्टम, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, पैसेंजर इनफार्मेशन सिस्टम, वायस रिकार्डिंग सिस्टम, सीसीटीवी आदि की सुविधा होगी।

## मच्छरों से बचाव लोगों की प्राथमिकता में हो : डीएमओ दुबे

# हाथी पाँव रोगियों की खोज हेतु अभियान शुरू

■ भोपाल, यशभारत।

मच्छरों की विभिन्न प्रजातियां है, जिनमे, मादा एनोफ्लीज, एडीज, क्यूलेक्स प्रमुख है, जिसमे एडीज मच्छर के काटने से डेंगू चिकुनगुनिया, मादा एनोफलीज से मलेरिया एवं क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फाइलेरिया (हाथी पांव) क्यूलैक्स ट्राइिरनोटिक्स नामक मच्छर के द्वारा जापानीज इंसेफलाइटिस रोग होता है। वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार की रात्रि में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी के निर्देशन में एवं जिला मलेरिया अधिकारी अखिलेश दुबे की उपस्थिति में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत भोपाल के सस्पेक्टेड क्षेत्र इंद्रपुरी सी सेक्टर में फाइलेरिया जनजागरूकता हेतु शिविर का आयोजन जिला मलेरिया कार्यालय भोपाल द्वारा किया गया जिसमें नगर निगम भोपाल एवं एंबेड परियोजना का भी सहयोग रहा। शिविर के दौरान जिला मलेरिया अधिकारी अखिलेश दुबे ने कहा कि मच्छर से बचाव लोगों की प्राथमिकता में होना चाहिए क्योंकि अभी भी हम मच्छर जनित बीमारियों को हल्के में लेते है, जबकि हमे समझना चाहिए की बीमारी कोई भी हो हमे प्रिकॉशन लेना अनिवार्य है लेकिन घबराना नहीं चाहिए एवं मच्छर से बचाव करना चाहिए, हाथी पांव की बात करे तो संक्रमित क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फाइलेरिया रोग होता है, जिसके लक्षण सालो बाद



दिखाई देते है, इसमें पुरुषों के जननांग और उसके आस-पास दर्द व सूजन की समस्या होती है। इसके अलावा पैरों और हाथों में सूजन, हाइड्रोसिल अंडकोषों की सूजन भी फाइलेरिया के लक्षण हैं। चूंकि इस बीमारी में हाथ और पैरों में हाथी के पांव जैसी सूजन आ जाती है, इसलिए इस बीमारी को हाथीपांव कहा जाता है। वैसे तो फाइलेरिया का संक्रमण बचपन में ही आ जाता है, लेकिन कई सालों तक इसके लक्षण नजर नहीं आते। शिविर के दौरान फाइलेरिया की रक्त पट्टी संग्रह नियमानुसार रात्रि में किया गया, जिसमें करीब 25 लोगो की ब्लड स्लाइड बना कर जांच के लिए जिला मलेरिया कार्यालय की लैब को भेजी गईं। शिविर में मलेरिया निरीक्षक एवं एंटी लार्वा प्रभारी श्रीमती उर्मिला सिंह जोन प्रभारी मृगेंद्र सिंह, मलेरिया निरीक्षक माइकल हैमिल्टन, लैब टेकनीशियन श्रीमती गीता लक्ष्मी, स्टोर प्रभारी राकेश सोनपुरे, अन्नपूर्णा धुरिया, एंबेड परियोजना की कार्यक्रम सहायक रत्नेश सिंह, फील्ड स्टॉफ जीतेन्द्र रघुवंशी, गणेश बैरागी, छगन अहिरवार, मनोज कुशवाहा, संजय धड़से, आशा कार्यकर्ता अन्नू गौर, नूतन, उमा, निर्मिला बीसीसीएफ साधना धाडसे, अर्चना मौर्य सहित सभी लोग उपस्थित रहे।



# जिले में साढ़े पांच लाख लाडली बहना बनाने के लिए शुरू हुए प्री-केम्प

■ इंदौर, यशभारत।

लाडली बहना योजना के लिए जिले में प्री-कैंप शुरू किए गए हैं। इसमें महिलाओं के आधार और समग्र आईडी को लिंक किया जा रहा है। साथ ही बैंक खाते को भी आधार से अपडेट किया जाना है। जिले में 23 मार्च तक प्री- कैम्प लगाए जाएंगे। इसके बाद 25 मार्च से आवेदन फार्म भरने की प्रक्रिया की जाएगी। जिले में साढ़े पांच लाख महिलाए योजना से जुड़ेगी।मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा घोषित लाडली बहना योजना का जोर शोर से क्रियान्वयन प्रदेश में कराया जा रहा है। जिला प्रशासन और महिला एवं बाल विकास ने इंदौर जिले में साढ़े पांच लाख के करीब बहनों को योजना से जोड़ने का लक्ष्य रखा हैं। यह संख्या विभाग ने जिले की महिला संख्या और अन्य योजनाओं से निकली हैं। जो योजना के लिए पात्र हो सकती हैं। प्रत्येक माह महिलाओं के खाते में शासन द्वारा 1000 रुपए की राशि जमा कराई जाएगी। चुनाव से पहले 6 किस्त के महिलाओं के खाते में जमा करने के लिए 25 मार्च से आवेदन फॉर्म भरे जाएंगे। 25 मार्च से ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए गांव और वार्डो में शिविर लगेंगे। महिलाओं को समग्र आईडी, आधार कार्ड और बैंक पासबुक लेकर केम्प में जाना होगा। यहां लाइव फ़ोटो होगा और आवेदन अपलोड किया जाएगा। इससे पहले आधार से समग्र आईडी और बैंक खाता लिंक करवाना होगा। जो किसी भी एमपी ऑनलाइन के कियोस्क सेंटर पर निःशुल्क हो सकेगा। आवेदन की अन्तिम तारीख 30 अप्रैल है। 1 से 15 मई तक आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है। आपत्ति का निराकरण 30 मई तक होगा। 10 जून को पहली किस्त खाते में जमा की जाएगी। इसके बाद प्रत्येक माह की 10 तारीख को किश्त खाते में जमा होगी।

## राज्य सरकार ने दिया उच्च स्तरीय जांच का आश्वासन

# विस में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में भ्रष्टाचार पर हंगामा

■ भोपाल, यशभारत।

मध्यप्रदेश विधानसभा में सोमवार को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में भ्रष्टाचार का मामला गूंजा। इस मामले में विपक्षी सदस्यों ने हंगामा करते हुए जांच की मांग की। विपक्ष की मांग को मानते हुए संसदीय कार्यमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने आश्वस्त किया कि उच्च स्तरीय जांच करवा ली जाएगी। यह मामला प्रश्नोत्तरकाल के दौरान कांग्रेस की वरिष्ठ विधायक सुश्री लक्ष्मी साधौ ने उठाया और कहा कि योजना के तहत गुणवत्ताहीन सामग्री का वितरण् किया जा रहा है। इसकी जांच होना चाहिए। मैंने और हितग्राहियों ने भी इसकी शिकायत की है, इसकी बावजूद कुछ नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि जांच भी उन्हीं लोगों से करवाई गई जिन्होंने ये भ्रष्टाचार किया है। प्रश्न के उत्तर में पशुपालन मंत्री प्रेम सिंह पटेल ने कहा कि मामले की जांच करवाई है उसमे ऐसा कुछ नहीं पाया गया है।



सरकार के जवाब से असंतुष्ट सुश्री साधौ ने कहा कि सरकार की मंत्री सुश्री मीना सिंह ने भी स्वयं इस बात को माना है। जवाब में सुश्री मीना सिंह ने कहा कि आप लोगों की सरकार होती तो मामला उजागर ही नहीं होता है हमने माना भी और सामग्री का वितरण भी रुकवा दिया है। जवाब से असंतुष्ठ सुश्री साधौं ने कहा कि मामले की पुनः जांच प्रश्नकर्ता विधायक की मौजूदगी में करवाए। उत्तर में संसदीय कार्य मंत्री ने कहा ने कहा कि उच्च स्तरीय जांच करवा ली जाएगी। सुश्री साधौ ने कहा कि जांच में मुझे भी शामिल करवा ले, लेकिन सरकार से उन्हें ऐसा कोई आश्वासन नहीं मिला। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष गिरीष गौतम ने आग्रह किया कि प्रश्नकर्ता विधायक को जांच के समय बुलवा लें।

### विधानसभा में राज्य सरकार ने दिया यह जवाब

प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने विधानसभा में जानकारी दी कि प्रदेश में अन्य पिछडा वर्ग को सरकारी नौकरियों में 27 फीसदी आरक्षण प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि प्रदेश के तीन विभागों में उच्च न्यायालय का स्टे होने के कारण 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ नहीं दिया जा रहा है। शेष सभी विभागों में राज्य सरकार द्वारा ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। यह जानकारी उन्होंने प्रश्नकर्ता विधायक श्रीमती कल्पना वर्मा द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर में दी। चर्चा में भाग लेते हुए पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सवाल किया कि यह बताए कि कौन-कौन से विभागों में 27 प्रतिशत आरक्षण लागू है।

## शिक्षा का अधिकार अधिनियम प्रवेश के लिए आवेदन 15 से

■ भोपाल, यशभारत।

शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निर्देश जारी किये गये हैं। शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूल में कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के निःशुल्क प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में ऑनलाइन आवेदन एवं त्रुटि सुधार हेतु 13 मार्च से 23 मार्च तक तिथि निर्धारित की गई है। 13 से 23 मार्च 2023 तक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन एवं त्रृटि सुधार हेतु विकल्प, 15 मार्च से 25 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन के पश्चात पोर्टल से पावती प्राप्त की जा सकती है। रेण्डम पद्धति से ऑनलाईन लॉटरी द्वारा स्कूल का आवंटन एवं चयनित आवेदको को एसएमएस द्वारा 28 मार्च को सूचना दी जाएगी।आनलाइन लॉटरी के माध्यम से जिन बच्चों को स्कूल का आवंटन हुआ है वे स्कूल में उपस्थित होकर प्रवेश प्राप्त करेंगे। साथ ही संबंधित अशासकीय स्कूल द्वारा मोबाइल एप के माध्यम से एडमिशन रिपोर्टिंग दर्ज करा सकेंगे। संबंधित अशासकीय स्कूल द्वारा एडमिशन रिपोर्टिंग करनें पर पोर्टल द्वारा आवेदक के पंजीकृत मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से 31 मार्च से 10 अप्रैल 2023 तक पुष्टि की जाएगी।इसके अलावा द्वितीय चरण प्रवेश के लिए रिक्त सीटों को पोर्टल पर 13 अप्रैल 2023 को प्रदर्शित किया जाएगा। द्वितीय चरण के लिए ऑनलाइन लॉटरी द्वारा स्कूल का आवंटन 20 अप्रैल को किया जाएगा। जिन बच्चों को ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से स्कूल का आवंटन हुआ है उसके द्वारा पोर्टल से आवंटन पत्र डाउनलोड कर आवंटित स्कूल में प्रवेश दिया जाएगा।

# आपातकालीन सेवा डायल-112,100 ने किए गए उत्कृष्ट कार्य

## पूरे प्रदेश में लोगों को मिल रही सेवाएं

## एक्सीडेंट हो जाने जाने से घायल हुए 22 व्यक्तियों को भर्ती कराया गया

■ भोपाल, ईएमएस।

जिला रायसेन के थाना साँची के अंतर्गत अमखेड़ा गाँव मे बस और ट्रैक्टर-ट्राली का एक्सीडेंट हो जाने से 22 व्यक्ति घायल हो गए थे। पुलिस सहायता के लिए इसकी सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में 12 मार्च को रात्रि 03 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल रायसेन जिले के साँची थाना क्षेत्र में तैनात डायल-100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि अमखेड़ा गाँव मे बस और ट्रैक्टर-ट्राली का एक्सिडेंट हो जाने से 22 घायल व्यक्तियों को डायल-112/100 स्टाफ ने एफ.आर.व्ही. वाहनों एवं चिकित्सा वाहन से ले जाकर उपचार हेतु साँची अस्पताल मे भर्ती करवाया। जहाँ से गंभीर घायलों को जिला चिकित्सालय विदिशा रिफर किया गया।अग्रिम कार्यवाही थाने द्वारा की जा रही है।

-डिंडोरी के थाना बजाग के अंतर्गत रात्री में हार्वेस्टर अनियंत्रित होकर पलटा, अस्पताल मे भर्ती करवाया




जिला डिंडोरी के थाना बजाग के अंतर्गत पथरा गाँव मे हार्वेस्टर अनियंत्रित होकर पलट जाने से 04 व्यक्ति घायल हो गए थे पुलिस सहायता के लिए इसकी सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में दिनाँक 12-03-2023 को रात्रि 12:30 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल डिंडोरी जिले के बजाग थाना क्षेत्र में तैनात डायल-100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि हार्वेस्टर अनियंत्रित होकर पलट जाने से 04 घायल व्यक्तियों को डायल-112/100 स्टाफ ने एफ.आर.व्ही. वाहन एवं चिकित्सा वाहन से ले जाकर उपचार हेतु बजाग अस्पताल मे भर्ती करवाया। जहाँ घायलों का उपचार किया जा रहा है। अग्रिम कार्यवाही थाने द्वारा की जा रही है।

-देवास के थाना नाहर दरवाजा के अंतर्गत जेल चौराहे पर मिले बालक को, डायल-112/100 सेवा ने चाईल्ड लाईन देवास के सुपुर्द किया

जिला देवास के थाना नाहर दरवाजा के अंतर्गत जेल चौराहे पर एक 12 वर्षीय बालक मिला था जो घर का रास्ता भटक गया था। पुलिस सहायता के लिए इसकी सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में दिनाँक 11-03-2023 को शाम 04 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल देवास जिले के नाहर दरवाजा थाना क्षेत्र में तैनात डायल-100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ ने घटना स्थल पर पहुँचकर बालक को संरक्षण मे लिया। बालक से जानकारी लेने पर बालक सही जानकारी नहीं दे पा रहा था बालक को साथ लेकर आसपास परिजन की तलाश एवं पूछताछ करने पर कोई जानकारी नहीं मिलने पर थाने लेकर आए। थाने के माध्यम से बालक को चाईल्ड लाईन देवास के सुपुर्द किया गया।

### सेवा ने बहुत लोगों की जान बचाई, लोगों को मिला जीवन

-नीमच के थाना कुकड़ेश्वर के अंतर्गत मध्यरात्रि मे बस और अल्टो कार का एक्सीडेंट हो जाने से घायल हुए 04 व्यक्तियों को, डायल-112/100 सेवा ने मनासा अस्पताल मे भर्ती करवाया

# पात्र महिलाओं को दिलाएं लाड़ली बहना योजना का लाभ

## योजना के क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों को दिए गए निर्देश

**कटनी,यशभारत।** मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना 2023 के सफल क्रियान्वयन व योजना के तहत चरणबद्ध तरीके से कार्यवाही करने हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद ने अधिकारियों को निर्देश प्रदान किए है। कलेक्टर ने योजना के तहत शहरी वार्ड एवं ग्राम स्तर पर पात्र महिला हितग्राहियों के समग्र ई.केवाईसी सत्यापन एवं ऑनलाईन फार्म फीड किये जाने हेतु वार्ड प्रभारी, ग्राम प्रभारी के स्वयं के समग्र ई.केवाईसी से वार्ड प्रभारी पंचायत सचिवद्व ग्राम रोजगार सहायक का वार्ड, ग्रामवार निर्धारण करते हुये सत्यापनकर्ता के समग्र ई.केवाईसी 12 मार्च की शाम तक पूर्ण कराने के निर्देश नगर निगम आयुक्तद्व सीईओ जनपद पंचायत एवं सीएमओ नगर परिषद को दिए गए। लाडली बहना योजना अंतर्गत पात्र महिलाओं के बैंक खाते को आधार से लिंक किया जाकर अनिवार्य रूप से डीबीटी एनेविल कराये जाने हेतु अतिशीघ्र बीएल बीसी की बैठक आयोजित कर समय-सीमा में कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु एस0डी0एम0ए सीईओ जनपद को निर्देशित किया गया। प्रभारी एवं तकनीकी अधिकारी का प्रशिक्षण 13 मार्च को आयोजित कराने हेतु आयुक्त नगर निगम, सीईओ जनपद, सीएमओ नगर परिषद को निर्देश प्रदान किए गए। प्रबंधक ई-गर्वेनेन्स को सीएससी संचालकों, एमपी ऑनलाईन संचालकों, ब्लाक समन्वयक, जिला समन्वयक की जिला स्तरीय बैठक 13 मार्च को आयोजित कर प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया है। आयुक्त नगर निगम , सीईओ जनपद पंचायत, सीएमओ नगर परिषद को नगरीय निकाय में वार्ड स्तर के लिये तथा ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम स्तर पर सर्वेक्षण हेतु ग्राम सचिव, रोजगार सहायक, वार्ड प्रभारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, स्थानीय शिक्षक एवं कोटवार को सम्मिलित कर दल का गठन करने हेतु निर्देशित किया है। सर्वेक्षण दल के माध्यम से 14 मार्च से 24 मार्च तक ग्राम एवं वार्ड में संयुक्त रूप से अनिवार्यतः भ्रमण कर पात्र हितग्राहियों की जानकारी गूगल फार्म एवं प्रिंटेड आवेदन फार्म में अंकित करने, ऐसे हितग्राही जिनका समग्र ई-केवाईसी नहीं है, उनका ई-केवाईसी मौके पर ही दल द्वारा किये जाने तथा आधार अपडेशन एवं बैंक से आधार लिंक की आवश्यक कार्यवाही कराने हेतु आयुक्त नगर निगमए सीईओ जनपद पंचायतए सीडीपीओ एवं सीएमओ नगर परिषद को निर्देश दिए है। आयुक्त नगर निगम सीईओ जनपद, प्रबंधक ई.गर्वनेन्स, सीएमओ नगर परिषद को सर्वेक्षण कार्य का प्रतिदिवस प्रगति प्रतिवेदन जनपद एवं नगरीय निकाय का निर्धारित गूगल शीट पर अवगत कराने तथा महिला बाल विकास शहरी एवं ग्रामीण आजीविकास मिशन जनअभियान परिषद को सोशल एवं प्रिंट मीडिया में ई-केवाईसी सहित व योजना से संबंधित शार्ट वीडियों बनाकर प्रचार.प्रसार कराने के निर्देश दिए है।

### राज्य स्तरीय वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिया गया प्रशिक्षण

मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना 2023 के संबंध में पात्र हितग्राहियों का समग्र ई.केवाईसी आधार अपडेशन एवं बैंक खाता आधार से लिंक कराने के संबंध में विगत दिवस राज्य स्तरीय वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारीए जिला पंचायत शिशिर गेमावतएअपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पोएआयुक्त नगर पालिक निगम सत्येंद्र सिंह धाकरेए जिला कार्यक्रम अधिकारीए महिला बाल विकास नयन सिंहए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत समस्त परियोजना अधिकारीए महिला बाल विकास समस्तए मुख्य नगर पालिका अधिकारी समस्त जिला प्रबंधकए ई.गर्वनेन्सए जिला प्रबंधकए एन0आई0सी0 उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा योजना के क्षेत्र स्तर पर क्रियान्वयन हेतु आवश्यक सुझाव भी दिये गये।

### मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के प्रशिक्षण हेतु मास्टर ट्रेनर्स नियुक्त

प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन, उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार एवं परिवार के निर्णयों में उनकी भूमिका सुदृढ करने हेतु मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना 2023 प्रारंभ की गई है। राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा नगरीय निकाय एवं जनपद पंचायत मुख्यालय में नियुक्त क्षेत्रीय कर्मचारियों का प्रशिक्षण 13 मार्च को दोपहर 12 बजे से आयोजित किया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कटनी शिशिर गेमावत ने नियुक्त मास्टर ट्रेनर्स को अनिवार्यतः रूप से उपस्थित होने होकर योजना संबंधित प्रशिक्षण प्रदाय करने के निर्देश जारी किये है। प्रशिक्षण हेतु नगर पालिक निगम कटनी मे प्रशिक्षण हेतु मुख्यालय कटनी में उपायुक्त पवन कुमार अहिरवार को, नगर परिषद कैमोर हेतु मुख्यालय में के लिए सी.एम.ओ धर्मेनद्र शर्मा, नगर परिषद बरही हेतु डी.पी.सी के.के.डेहरिया, नगर परिषद विजयराघवगढ़ हेतु व्याख्याता राजेन्द्र असाटी, जनपद पंचायत कटनी हेतु सी.ई.ओ राजेश नरेन्द्र सिंह, जनपद पंचायत बड़वारा हेतु एन.आर.एल.एम श्रीमती शबाना, जनपद पंचायत बहोरीबंद हेतु ब्लाक समन्वयक बालमुकुंद मिश्रा, जनपद पंचायत रीठी हेतु डाटा एन्ट्री ऑपरेटर प्रवीण कुमार गुप्ता एवं दीपक सोनी, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा हेतु सहायक संचालक राजेश अग्रहरी तथा जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ हेतु सहायक संचालक शिवेन्द्र चन्द्रवार को मुख्यालय स्तर पर प्रशिक्षण हेतु नियुक्त किया गया।

# ब्राहाम्ण समाज महिला मंडल ने बिखेरे होली के रंग





**कटनी,यशभारत।** जिला ब्राहाम्ण समाज महिला मंडल ने होली महोत्सव एवं महिला दिवस मनाया। रंगपंचमी के दिन बाहाण सत्संग भवन में होली मिलन एवं महिला दिवस का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ महिला मंडल द्वारा रंग गुलाल सभी को लगाया ढोल मजीरा से बढ़िया फाग और कृष्ण भजन गाते हुए सभी के मंगल की कामना की। कार्यक्रम में महिला मंडल जिलाअध्यक्ष कल्पना दुबे, महामंत्री डा. उषा पांडे, उपाध्यक्ष शशि शुक्ला, नगर अध्यक्ष गीता पाठक, लक्ष्मी दीक्षित, ज्योति दीक्षित, शशि दुबे, शोभना शुक्ला, साधना मिश्रा, संयोगिता पांडे, निर्मला गौतम, तुलसा गर्ग, सावित्री तिवारी, शिखा शर्मा, उर्मिला शर्मा, अन्नपूर्णा तिवारी, कांति चौबे, कल्पना बडगैया, सुमित्रा शर्मा, रश्मि तिरपाठी, छाया दुबे, अंजू रेखा तिवारी, प्रभा पांडे, शिप्रा पांडे, कमलेश मिश्रा, भारती शर्मा, माधुरी तिवारी, अभिलाषा गर्ग, लक्ष्मी तिवारी, नीलू शुक्ला, नगर अध्यक्ष राजू शर्मा, श्याम शर्मा, विक्रांत शर्मा, प्रेम प्रकाश दीक्षित, के के गौतम, प्रकाश भौमिया सहित अन्य सैकड़ों महिलाओं एवं पुरूष की उपस्थिति रही।





## नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

# शीघ्र बनेगा कायस्थ समाज का भवन

**कटनी,यशभारत।** चित्रगुप्त कायस्थ सभा का शपथ ग्रहण समारोह जगन्नाथ चौराहा चित्रगुप्त मंदिर परिसर में तीन चरणों में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, नायब तहसीलदार श्रीमती हेमांग प्रिया श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, राजू खरे समाजसेवी, कायस्थ समाज पूर्व अध्यक्ष अनिल खरे मंचासीन रहे। कार्यक्रम के प्रथम चरण में मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ की सदस्यों ने सरस्वती वंदना की तत्पश्चात मंचासीन प्रमुख अतिथियों का महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष प्रीति खरे, नीति वर्मा, नंदिता कर्ण प्रीति श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारियों एव कायस्थ सभा से अनादि निगम, हेमंत श्रीवास्तव, पंकज निगम, व युवा वर्ग पवन श्रीवास्तव, समीप श्रीवास्तव, ने पदाधिकारियों द्वारा पुष्प माला भेंट कर स्वागत किया गया तत्पश्चात समाज के सचिव हेमंत श्रीवास्तव द्वारा समाज के गठन एवं निरंतर प्रगति किए जाने की जानकारी दी गई। तथा उन्होंने मंचासीन प्रमुख अतिथियों से चित्रगुप्त मंदिर के जीर्णोद्धार नव निर्माण समाज के लिए भवन बनाए जाने में हर संभव सहयोग प्रदान किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की। कार्यक्रम में मंचासीन प्रमुख अतिथियों ने अपने उद्बोधन में समाज के हित में और विकास की जाने में हर संभव सहयोग प्रदान किए जाने की बात कहते हुए कहा की आज बहुत खुशी हो रही है की कायस्थ समाज में जागृति आई है और वह निश्चित सफ्लता के साथ प्रगति करते हुए मजबूत होगा । कार्यक्रम के द्वितीय चरण में कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती प्रीति सूरी एवम एवं नायब तहसीलदार श्रीमती हेमांग प्रिया श्रीवास्तव द्वारा महिला समिति से प्रीति खरे, नंदिता कर्ण नीति वर्मा पद्मा निगम रचना श्रीवास्तव श्रीमती प्रीति श्रीवास्तव इंदु निगम अभिलाषा श्रीवास्तव प्रिया श्रीवास्तव चित्रा श्रीवास्तव लता खरे एवं कार्यकारिणी सदस्यो को मंडल की पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ ग्रहण कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अजय श्रीवास्तव द्वारा अनादि निगम, सोहन लाल श्रीवास्तव, अजय खरे पंकज आर एम खरे पंकज निगम हेमंत श्रीवास्तव राजेश श्रीवास्तव प्रखर दिनेश खरे राकेश श्रीवास्तव संजीव श्रीवास्तव रवि बख्शी रणबीर कर्ण राजा निगम दिनेश निगम मनोज निगम एव कार्यकारिणी सदस्यों को एव विशिष्ट अतिथि मनीष पाठक, ने युवा समिति के पवन श्रीवास्तव शिवम श्रीवास्तव समीप श्रीवास्तव प्रदीप श्रीवास्तव दीपक श्रीवास्तव मनीष श्रीवास्तव प्रवीण सक्सेना एव कार्यकारिणी को एवं कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ ग्रहण कराया गया। कार्यक्रम के तृतीय चरण में मंचासीन रहे मुख्य अतिथियों का नवनियुक्त समाज के पदाधिकारियों द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव ने की। समाजसेवी अनु श्रीवास्तव को समाज की महिला मंडल ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मंच में उपस्थित सभी मुख्य अतिथियों व समाज के नवनियुक्त अध्यक्ष अनादि निगम द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# रेल अधिकारी-कर्मचारियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

### रेलवे अस्पताल में आयोजित हुआ स्वास्थ्य जांच शिविर



**कटनी, यशभारत।** केन्द्रीय रेल चिकित्सालय जबलपुर के तत्वावधान में एनकेजे स्थित रेलवे चिकित्सालय में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। प्रथम चरण में 40 वर्ष से अधिक आयु वाले रेल अधिकारियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों में कार्यरत अधिकारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में प्रथम चरण में सामान्य प्रशासन, लेखा विभाग, इंजीनियरिंग, परिचालन, वाणिज्य, कार्मिक निर्माण, चिकित्सा एवं रेल सुरक्षा बल विभाग में कार्यरत 40 साल से ऊपर आयु वाले आधा सैकड़ा से अधिक रेल अधिकारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। गतदिवस आयोजित शिविर में उपमंडल चिकित्सालय की मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ.स्मित श्रीवास्तव, दंत चिकित्सक डॉ.उपासना स्थापक और चीफ मैट्रन श्रीमती विभा ने स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के तहत लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य जांच शिविर में एक सैकड़ा से अधिक रेल कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने भाग लिया।

# उद्यमी क्रिकेट कप का भव्य आयोजन



**कटनी,यशभारत।** लघु उद्योग भारती इकाई कटनी के तत्वाधान में उद्यमी क्रिकेट कप का आयोजन कैलरीज इंडिया लिमिटेड एसीसी ग्राउंड में आयोजित किया गया, जिसमें दो मैच आयु वर्ग के अनुसार आयोजित किए गए। जिसमें प्रथम मैच में सीनियर वर्ग में सचिव 11 ने अनिल वासवानी की कप्तानी में अध्यक्ष 11को सात विकेटों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान चंद्रेश डोडानी की धुआंधार पारी की बदौलत अध्यक्ष 11 ने सचिव 11 के सामने 15 ओवर में 142 रन का लक्ष्य रखा। सचिव 11 से जय डोडानी तूफानी पारी खेलते हुए अपनी टीम को जीत की ओर ले गये और सचिव 11 ने 14 वें ओवर में निर्धारित लक्ष्य को पा कर जीत अपने नाम कर ली।बेस्ट बल्लेबाज जय डोडानी और बेस्ट गेंदबाज का ?िताब सुरेश हिंदूजा ने अपने नाम किया। जूनियर वर्ग में अध्यक्ष 11 ने निलेश विश्वकर्मा की कप्तानी में सचिव 11 को को छह विकेटों से हरा दिया। निर्धारित लक्ष्य को अध्यक्ष 11 ने 12 वें ओवर में प्राप्त मैच अपने नाम कर लिया। जूनियर वर्ग में रॉकी राजपालानी सचिव 11 की कमान संभाल रहे थे।इन दोनों मैचों में मुख्य अतिथि के रूप में लघु उद्योग भारती मध्य प्रदेश महासचिव अरुण सोनी एवं कैलरीज एचआर हेड अनिल यादव उपस्थित थे। इन दो मैच मे कुल 48 उद्यमी बंधुओं ने भाग लिया जिसमें इकाई अध्यक्ष हरि सिंह भदौरिया, अमित सिंघई, विजय नवानी, संदीप पटोरिया, सुरेश रतनानी, संजय कोदवानी, प्रभांशु वैश्य, यशकांत अग्रवाल, अभिषेक जायसवाल, समीर सेठिया, विकास बगड़िया, नितिन जैन, रमेश गुप्ता, मूलचंद खटवानी, संदीप मनोचा संजय मोहनानी, अमित रीझवानी संजय मेघानी, नितिन आसरानी, राहुल रतनानी, अजय खंडेलवाल आदि सदस्यों द्वारा प्रतिभागीता की गई। एवं टूर्नामेंट के अंत में अरुण सोनी के द्वारा कैलरीज इंडिया लिमिटेड का लघु उद्योग भारती के द्वारा आयोजित उद्यमी क्रिकेट कप का मे सहयोग प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया।




# महिला दिवस पर डॉ.चित्रा चतुर्वेदी का सम्मान



**कटनी,यशभारत।** केंद्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी कटनी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय की वरिष्ठ प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक हिंदी डॉ चित्रा चतुर्वेदी को सम्मानित किया जा रहा है । डॉ चित्रा चतुर्वेदी प्रयागराज से संबंध रखती हैं उनकी प्रारंभिक शिक्षा कक्षा नवमी हिंदी पाठ्यक्रम में मेरे बचपन के दिन पाठ के अंतर्गत महादेवी वर्मा जीने अपने विद्यार्थी जीवन में जिस विद्यालय क्रोस्थवेट गर्ल्स इंटर कॉलेज का जिक्र किया है उसी से डॉ चित्रा चतुर्वेदी ने भी 12वीं तक की पढ़ाई की है और विद्यालय की सर्वश्रेष्ठ छात्रा होने का गौरव उन्हें प्राप्त हुआ साथ ही अपने छात्र जीवन में वे राष्ट्रीय स्तर की तरह की भी रहींए उन्होंने 12 घंटे तक लगातार तैरकर उत्तर प्रदेश में एक रिकॉर्ड स्थापित किया है एसाथ ही 3 मील तैराकी प्रतियोगिता जो कि प्रतिवर्ष प्रयागराज में संगम से किलाघाट तक हुआ करती थीए उसमें डॉ चित्रा चतुर्वेदी ने कई बार प्रथम स्थान प्राप्त किया । इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बीए और एमए हिंदी की शिक्षा ग्रहण करने के बाद संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय से संस्कृताचार्य की उपाधि प्राप्त की। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर से हिंदी में पी एच डी की उपाधि से सम्मानित हुई। 1995 में केंद्रीय विद्यालय संगठन में प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक हिंदी के पद पर कार्यभार ग्रहण किया। 1997 में उन्होंने स्काउट गाइड मोमेंट में अपनी भागीदारी कीए जो अभी तक बरकरार है ।डॉ चित्रा चतुर्वेदी ने गाइड में ए एलटी कोर्स पूरा कियाए साथ ही केंद्रीय विद्यालय संगठन क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर संभाग में जब एच डब्लू बी पुरस्कार की घोषणा हुईए तब 2011 में पहला अवार्ड उन्हें ही मिला । अपने हिंदी विषय में पारंगत होने के साथ.साथ उन्होंने बच्चों को भी हिंदी की अच्छी शिक्षा दे रही हैं एसाथ ही उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए उन्हें मानव संसाधन विकास मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी के द्वारा भी प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुआ है और प्रतिवर्ष अच्छे परिणाम के लिए उन्हें सराहा जाता है। आज केंद्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी परिवार उन्हें सम्मानित कर रहा है ।डॉ चित्रा चतुर्वेदी ने कविता लेखन में भी अपना वर्चस्व हासिल किया है एपत्र.पत्रिकाओं में उनकी कविताएं प्रकाशित होती रहती हैं। वूमेन अचीवर्स अवार्ड उड़ान कटनी ने भी 2021 में उन्हें सम्मानित किया था स्काउट एवं गाइड के महाकुंभ कही जाने वाली जंबूरी में 03 बार उन्होंने जबलपुर संभाग का प्रतिनिधित्व किया है । गाइड बेसिक एवं एडवांस कोर्स की लीडर ऑफ द कोर्स की भूमिका निभा कर जबलपुरए रायपुर एवं भोपाल संभाग की शिक्षिकाओं को भी ट्रेनिग दी है। 2024 में वे सेवानिवृत्त हो रहे हैं हम सभी उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

# टीम इंडिया बनी नंबर 1!

# ऑस्ट्रेलिया को यहां भी छोड़ दिया पीछे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार चौथी बार बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी पर कब्जा किया है। पिछले कुछ सालों में टीम इंडिया टेस्ट में काफी मजबूती से उभरकर आई है। ऐसा नहीं है कि सिर्फ घर पर टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया है, विदेश में भी टीम ने ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसी टीमों को उनके घर में धूल चटाई है। घरेलू रिकॉर्ड की बात करें तो पिछले कुछ सालों में तो टीम इंडिया को उसकी सरजमीं पर हराना अन्य टीमों के लिए मुश्किल ही नहीं नामुमकिन रहा है। ऐसा ही एक आंकड़ा हम आपको बताने जा रहे हैं जहां टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को पछाड़कर नंबर 1 की कुर्सी पर कब्जा कर लिया है। आपको बता दें कि अक्सर कहा जाता था कि ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में हराना आसान नहीं है। कुछ मैदान तो ऐसा भी थे जैसे ब्रिसबेन का गाबा,




पर्थ का वाका जहां ऑस्ट्रेलियाई टीम विरोधियों को चुटकी में चित कर देती थी। पर पिछले कुछ सालों में टीम इंडिया ने कंगारुओं के इस गुरूर को उनके घर में जाकर ही तोड़ा है। यही कारण है कि अगर इस सदी की सबसे बड़ी टीम की बात करें तो वो अब टीम इंडिया बन गई है। 1 जनवरी 2000 से अभी तक के होम रिकॉर्ड पर नजर डालें तो भारतीय टीम टॉप पर है। दुनिया की टॉप-8 टीमों की इस लिस्ट में भारतीय टीम का विनिंग पर्सेंट सबसे अधिक 78.95 का है। वहीं ऑस्ट्रेलिया दूसरे पायदान पर 78.05 विनिंग पर्सेंट के साथ है। गौरतलब है कि यह विनिंग पर्सेंट मैचों का नहीं बल्कि सीरीज जीत का है। टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को इस बार की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में बहुत ही आसानी से धूल चटा दी। एक इंदौर टेस्ट को छोड़ दिया जाए तो हर जगह भारतीय टीम का ही दबदबा देखने को मिला। भारतीय स्पिनर्स के आगे ऑस्ट्रेलिया के टॉप बल्लेबाजों के पास भी निपटने का कोई विकल्प नहीं था। यही कारण है कि सीरीज के पहले दोनों टेस्ट ऑस्ट्रेलियाई टीम ढाई दिन में ही हार गई थी। इसके बाद इंदौर के सबसे ज्यादा टर्निंग ट्रैक पर भारतीय टीम भी डगमगा गई। लेकिन अहमदाबाद के पाटा विकेट पर भारतीय बल्लेबाजों ने कंगारू गेंदबाजों को खूब छकाया। अब टेस्ट के बाद दोनों टीमों का आमना-सामना होगा 17 मार्च से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज में।

## आखिरकार मैरीकॉम ने बनाया रिटायरमेंट का प्लान, बताया कब आखिरी बार करती नजर आएंगी बॉक्सिंग


**मुंबई, एजेंसी।** भारत की महान मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम अपने करियर के आखिरी दौर में पहुंच चुकी हैं। भारत के लिए 6 बार वर्ल्ड चैंपियन बनने के साथ ओलंपिक मेडल जीतने वाली मैरीकॉम ने अपनी रिटायरमेंट का प्लान कर लिया है। एशियन गेम्स से पहले मैरीकॉम ने एक बड़ा बयान दिया है। एमसी मैरीकॉम के पास पूर्ण फिटनेस हासिल करने के लिए अधिक समय नहीं हैं क्योंकि उनकी नजरें एशियाई खेलों के साथ मुक्केबाजी को अलविदा कहने पर टिकी हैं। मैरीकॉम को अगले साल संन्यास लेने के लिए 'बाध्य' होना पड़ेगा। पिछले साल राष्ट्रमंडल खेलों के चयन ट्रायल के दौरान अपने बाएं घुटने के मुड़ने के कारण इस अनुभवी मुक्केबाज का एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट (एसीएल) टूट गया था और अगस्त में उन्हें सर्जरी करानी पड़ी। मैरीकॉम ने महिला विश्व चैम्पियनशिप से पहले भारतीय टीम की जर्सी के अनावरण के मौके पर कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों के ट्रायल के दौरान जो हुआ वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण था। मुझे बड़ी चोट लगी और मुझे सर्जरी करवानी पड़ी। उन्होंने कहा कि मैं जल्द वापसी की कोशिश कर रही हूं क्योंकि मेरे पास केवल इस साल का समय है, अगले साल मैं संन्यास लेने के लिए मजबूर हो जाऊंगी। इसलिए इस साल मैं संन्यास से



पहले किसी भी प्रतियोगिता में भाग लेना चाहती हूं। नियमों के मुताबिक मुक्केबाज के लिए भागीदारी की अधिकतम उम्र 40 साल है और मणिपुर की यह मुक्केबाज नवंबर में 41 साल की हो जाएगी। मेरीकोम ने कहा मैं संन्यास नहीं लेना चाहती। मैं अगले पांच सालों तक प्रतिस्पर्धा करना चाहती हूं लेकिन 40 की उम्र से ऊपर हम प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकते, यही नियम है। उन्होंने कहा कि मेरा मुख्य लक्ष्य एशियाई खेल हैं, उम्मीद है कि मैं तब तक ठीक हो जाऊंगी। मेरे पास तैयारी के लिए भी समय होगा। संन्यास से पहले इस साल एक बार प्रतिस्पर्धा करना मेरा सपना है। पिछले साल स्थगित किए गए एशियाई खेल इस साल 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक होने हैं। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में चयन के लिए लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मैरीकॉम को नई चयन प्रक्रिया से गुजरना होगा जिसके लिए मुक्केबाज को राष्ट्रीय शिविर में एक मूल्यांकन परीक्षा से गुजरना होगा।

## महेश भट्ट बोले- लोग मुझे नाजायज औलाद बुलाते थे-पिता ने मां को कभी नहीं दिया पत्नी का दर्जा, उन्हें हमेशा अपना धर्म छिपाकर रहना पड़ा

**मुंबई, एजेंसी।** डायरेक्टर महेश भट्ट हाल ही में अरबाज खान के चैट शो द इनविन्सिबल्स विद अरबाज खान में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अपनी जिंदगी से जुड़े कई ट्रैजिक किस्से शेयर किए। इंटरव्यू के दौरान महेश भट्ट ने बताया कि उनका बचपन बेहद मुश्किलों भरा रहा। पिता नानाभाई भट्ट पहले से ही शादीशुदा थे इस वजह से उन्होंने जीते-जी महेश की मां को कभी भी पत्नी का दर्जा नहीं दिया। यही वजह थी कि बचपन में लोग महेश को नाजायज औलाद कहकर चिढ़ाया करते थे।



### मां चाहती थी पिता उन्हें स्वीकार कर लें

महेश ने बताया उनकी मां मुस्लिम थीं, लेकिन हिंदू इलाके में रहने की वजह से उनकी मां को अपना धर्म छिपाकर रहना पड़ा था। बातचीत के महेश ने कहा- मेरी मां केवल इतना चाहती थीं कि उन्हें मेरे पिता नानाभाई भट्ट स्वीकार कर लें, लेकिन क्योंकि वो पहले से ही शादीशुदा थे और उनका अपना परिवार था, इसलिए उन्होंने कभी भी मां को उनका हक नहीं दिया था।

### निधन के बाद पिता ने मां की मांग में भरा था सिंदूर- महेश

महेश भट्ट ने उस मुश्किल के दौर को याद करते हुए लिखा- 'जब 1998 में मेरी मां का देहांत हुआ, तो उनकी आखिरी इच्छा थी कि उन्हें उनके धर्म के अनुसार दफन किया जाए। मेरे पिता अपनी पहली पत्नी के साथ अंतिम संस्कार के लिए आए थे, तो उन्होंने पहली बार उनकी मांग में सिंदूर लगाया था।' 'यह देखकर मैं हैरान रह गया, मैंने यही सोचता रह गया कि उन्हें यह करने में बहुत देर हो गई। उस घटना ने मुझे तोड़कर रख दिया। मां हमेशा चाहती थीं कि पिता उन्हें सबके सामने स्वीकार करें, लेकिन अफसोस ऐसा नहीं हो सका।'

### पिता ने नहीं पूरी की मां की इच्छा

महेश बोले- जब मैंने पिता को मां की अंतिम इच्छा के बारे में बताया कि वो चाहती थीं कि उन्हें वहीं दफनाया जाए जहां उनकी मां को शिया कब्रिस्तान में दफनाया गया है। यह कहते हुए जब मैंने उनकी तरफ देखा तो उनका चेहरा पूरी तरह से पीला पड़ गया था। उन्होंने हाथ जोड़कर मुझे कहा कि माफ कर दे बेटा, मेरा धर्म मुझे वहां जाने की इजाजत नहीं देता। उनकी की इस बात से मेरा दिल बुरी तरह टूट गया।

### मैं तो बेटा हूं, मुझे तो जाना पड़ेगा

महेश ने आगे बताया - मैं पिता से गुस्सा नहीं था, लेकिन मैंने कहा मैं तो बेटा हूं। मुझे तो जाना पड़ेगा। यह अधिकार देने से मुझे ऊपर वाला भी इनकार नहीं कर सकता। महेश मानते हैं कि उनके पिता अपनी परवरिश के कैदी थे, लेकिन इस वाकये ने उन्हें जीवन भर के लिए डरा दिया। उनकी बात करते हुए मेरी आंखों में अभी भी आंसू हैं।बता दें कि 1998 में आई फिल्म जख्म महेश भट्ट के बचपन पर आधारित है, जिसमें एक्ट्रेस पूजा भट्ट ने उनकी मां पर आधारित किरदार निभाया है।

## कपिल ने प्रधानमंत्री को शो पर आने का दिया न्यौता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हाल ही में अपनी आगामी फिल्म ज्विगाटो के प्रमोशन के दौरा न मशहूर कॉमेडियन कपिल शर्मा ने खुलासा किया कि उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी शो पर आने का न्यौता दिया था। बातचीत के दौरान जब कपिल शर्मा ने पूछा गया कि क्या वह कभी शो पर पीएं मोदी को इनवाइट करेंगे? तो इसके जवाब में कॉमेडियन ने कहा कि बताते हैं कि मैं जब भी उन्हें पर्सनली मिला तो मैंने उनसे कहा कि सर कभी हमारे शो पर भी आए जाइए आप... तो उन्होंने मना को नहीं किया लेकिन वह मुझसे कहते हैं कि अभी तो मेरे विरोधी बहुत कॉमेडी कर रहे हैं, हम आएंगे कभी। अगर वह आएंगे तो हमारा सौभाग्य की बात होगी। बता दें कि कपिल इन दिनों अपनी नई फिल्म ज्विगाटो को लेकर खूब चर्चा में है।

## दर्शकों को पागल कर दिया नोरा फतेही ने

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बालीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही ने प्रभावशाली प्रदर्शन से सभी का दिल जीत लिया और दर्शकों को पूरी तरह से पागल कर दिया। नोरा ने कल शाम डलास में द एंटरटेनर्स टूर के तीसरे चरण की शुरुआत एक प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ की। फैशन और पावर डांस मूव्स के खूबसूरत मिश्रण से भरपूर, वह जब भी मंच पर आती हैं तो धमाल ही मचाती हैं। कोई भी दर्शकों की प्रतिक्रिया का अंदाजा लगा सकता है और महसूस कर सकता है कि वह अपनी पूरी मंचीय उपस्थिति के साथ दर्शकों पर कितनी शक्ति रखती है, जो हमें कोरियोग्राफी के साथ बॉलीवुड बीट्स और अंतर्राष्ट्रीय नंबरों का मिश्रण प्रदान करती है। एक पूर्ण कलाकार होने का सर्वांगीण गुण होना निश्चित रूप से काफी दुर्लभ है। दर्शकों में मौजूद राष्टीयताओं के मिश्रण को भी देखा जा सकता है, जो इसे वास्तव में एक वैश्विक कार्यक्रम बनाता है।

## टीवी सीरियल गुम है किसी के प्यार में के सेट पर लगी आग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गोरेगांव स्थित दादासाहेब फाल्के फिल्म सिटी में एक हिंदी सीरियल की शूटिंग के दौरान सेट पर भीषण आग लग गई। बीएमसी आपदा नियंत्रण ने इसकी जानकारी दी। गुम है किसी के प्यार में के सेट पर सबसे पहले आग लगी और कहा जा रहा है कि आग स्टूडियो के 2,000 वर्ग फुट के भूतल तक ही सीमित थी। हालांकि, तभी तेज हवाओं के कारण आग की लपटें तेजी से फैल गईं और आसपास के चार अन्य सेट को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। चश्मदीद के मुताबिक, जलते हुए सेट से निकलने वाले धुएं के गुबार काफी दूर तक दिखाई दे रहे थे, कई लोग चिल्ला रहे थे, रो रहे थे और धुएं से बचने के लिए इधर-उधर भाग रहे थे। सूचना के बाद दमकल विभाग की पांच गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया।

## ब्रैड पिट से कभी नहीं मिली शानिया ट्वेन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सिंगर-अभिनेत्री शानिया ट्वेन का मानना है कि हॉलीवुड स्टार ब्रैड पिट उनसे दूरी बना रहे हैं। 57 वर्षीय कंट्री आइकॉन ने 1998 की अपनी हिट दैट डोंट इम्प्रेस मी मच में फाइट क्लब स्टार का संदर्भ दिया, लेकिन स्वीकार किया कि चार्ट-टॉपिंग ट्रैक में उनके बारे में लिखे जाने के बावजूद वह अभी तक उनसे नहीं मिली हैं। यह पूछने पर कि क्या वह यूट्यूब सीरीज चिकन शॉप डेट पर एक उपस्थिति के दौरान कभी किसी रॉकेट वैज्ञानिक से मिली थी, उन्होंने कहा कि नहीं। मैंने ब्रैड पिट के बारे में लिखा। मैं ब्रैड पिट से कभी नहीं मिली। मुझे लगता है कि वह मुझसे बच रहे है, ईमानदारी से! इस बीच, मैन! आई फील लाइक ए वूमेन! हिटमेकर, जिनका असली नाम एलीन रेजिना ट्वेन है, ने हाल ही में अपना कमबैक एल्बम क्वीन ऑफ मी रिलीज किया है। उन्होंने कहा- क्वीन ऑफ मी का मतलब है कि मैं अपनी खुद की बॉस हूं। मैं अपनी बस खुद चलाती हूं। मैं बहुत सी चीजें चला सकता हूं। लेकिन वास्तव में मेरा मतलब यह है कि मैं खुद की जिम्मेदारी ले सकती हूं। मैं खुद की जिम्मेदारी लेती हूं।

## काले रंग के कारण थिएटर-होटल में नो-एंट्री

# ऑस्कर विनर हैटी को गोरों के साथ बैठना भी मना था

**मुबई, एजेंसी। फिल्मी दुनिया के लिए ऑस्कर से बड़ा कोई अवॉर्ड नहीं है। आज हम आपके लिए एक ऐसी ऑस्कर विनर एक्ट्रेस की कहानी लेकर आए हैं, जिसने हॉलीवुड फिल्मों का नक्शा बदलने की शुरुआत की। इस एक्ट्रेस का नाम था हैटी मैक्डेनियल। हैटी ब्लैक यानी अश्वेत थीं। 1930-40 का दौर था, जब दुनिया में अश्वेतों के साथ भेदभाव किया जाता था।**

हॉलीवुड फिल्मों में ब्लैक एक्टर्स को सिर्फ नौकरों का ही रोल मिलता था। ना सेट पर कोई सुविधा और ना ही उतना पैसा जितना गोरे कलाकारों को मिलता था। यहां तक कि कपड़े बदलने के लिए भी कोई अलग ड्रेसिंग रूम नहीं होता था। उस दौर में हैटी ने अपना फिल्मी सफर शुरू किया। नौकरों के ही रोल मिले लेकिन उनमें भी जान डाल दी।

नतीजा, 1939 में आई हॉलीवुड की लैंडमार्क रोमांटिक फिल्म गॉन विथ द विंड में नौकरानी के रोल के लिए ही हैटी को बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का ऑस्कर अवॉर्ड मिला। इतिहास में पहली ब्लैक कलाकार थी, जिसे ये सम्मान मिला। हैटी ने अपने जीवन में काफी संघर्ष किया। पिता युद्ध में हारे हुए गुलाम थे। मजदूरी करके घर चलाते थे। हैटी जब पैदा हुई तो वो कुपोषित थीं, क्योंकि घर की इतनी कमाई भी नहीं थी कि पेटभर खाना मिल सके।

क्लब में नौकरी की, तो वहां वॉशरूम अटेंडर का काम मिला। फिल्मों में आई तो काले रंग के कारण इतना भेदभाव झेलना पड़ा कि जिस फिल्म में इन्होंने काम किया, उसके प्रीमियर में भी उन्हें नहीं जाने दिया गया क्योंकि उस थिएटर में अश्वेतों का आना मना था। हैटी ने 4 शादियां कीं, चारों नाकाम रहीं। एक बार प्रेग्नेंट हुईं लेकिन मिसकरैज के कारण मां नहीं बन पाई।

पैदा होने से शुरू हुआ काले-गोरे का भेद 1952 में हैटी की मौत तक जारी रहा। उनकी आखिरी इच्छा थी कि उन्हें उस कब्रिस्तान में दफनाया जाए जहां गोरे एक्टर्स को दफनाया जाता है, लेकिन इस ख्वाहिश से ही गोरों की भौंहें तन गईं। उन्हें गोरे लोगों के उस कब्रिस्तान तक में जगह नहीं मिली। उनकी मौत के बाद उनका वो ऑस्कर अवॉर्ड भी रहस्यमयी तरीके से चोरी हो गया क्योंकि कई गोरे लोगों को उनका ये अवॉर्ड जीतना रास नहीं आया था।

### 13 भाई-बहनों में सबसे छोटी थीं हैटी, कुपोषित पैदा हुई थीं

हैटी मैक्डेनियल का जन्म 1893 को स्के विचिटा शहर में हुआ। ये 13 भाई-बहनों में सबसे छोटी थीं। परिवार इतना गरीब था कि उनके खाने-पीने के भी लाले पड़े हुए थे। नतीजतन हैटी कुपोषित पैदा हुईं। उनका वजन आम नवजात बच्चों से काफी कम महज 1.5 किलो था।

### कई दिनों तक भूखा रहता था परिवार

हैटी का परिवार सालों तक सिविल वॉर और गुलामी के डर के साए में रहा। इनके माता-पिता सुजैन और हैनरी मिड-एटलांटिक साउथ में पैदा हुए थे, जो गुलाम थे। 1864 को इनके पिता हैनरी सिविल वॉर में शामिल हुए थे, जिसके लिए इन्हें नाशविले की क्रूर जंग में भेजा गया था। जंग के दौरान हैनरी के मुंह की एक हड्डी टूटी थी। जंग के माहौल में सही इलाज ना मिलने पर उनके जख्म खुले रह गए और इंफेक्शन फैल गया।

जंग खत्म हुई तो शरीर कमजोर हो चुका था, लेकिन



घर चलाने के लिए हैनरी मजदूरी करते थे। जब 1893 में हैटी का जन्म हुआ तो एक साल बाद परिवार पलायन कर अमेरिका के डेनवर शहर में आ गए। यहां भी गरीबी में इनके परिवार को कई दिनों तक भूखा रहना पड़ता था। कुछ सालों बाद घर का खर्च स गवर्नमेंट से मिलने वाली पेंशन से चलने लगा, लेकिन बाद में डॉक्यूमेंट्स की कमी से वो पेंशन भी बंद हो गई।

### जो गोरे, अफ्रीकन का मजाक उड़ाते थे उन्हीं के लिए लिखती थीं गाने

1908 में हैटी ने डेनवर वेस्ट हाई स्कूल में पढ़ाई शुरू की। यहां होने वाले सिंगिंग कॉम्पिटिशन में हैटी ने पहला स्थान हासिल किया। इसके बाद से ही हैटी अपने भाई-बहनों के साथ प्ले में हिस्सा लेने लगीं।

इनका भाई ओटिस मिंस्टेल शो नाम की कार्निवाल कंपनी में काम किया करता था। ये अपनी तरह का इकलौता कार्निवाल शो था, जिसमें अमेरिकन लोग अफ्रीकन लोगों की तरह तैयार होकर उनका मजाक बनाते थे।

हैटी भी इनके ड्रामा के लिए बनाए जाने वाले गाने लिखने लगीं। 1916 में भाई की मौत के बाद हैटी ने खुद भी ये काम छोड़ दिया। चंद दिनों के संघर्ष के बाद इन्हें 1920 में रेडियो में गाने की नौकरी मिल गई। हैटी की आवाज इतनी बेहतरीन थी कि इनके गाए गाने रिकॉर्ड किए जाने लगे।

### स्टॉक मार्केट क्रैश हुआ तो बाथरूम अटेंडर बनकर किया काम

1929 में स्टॉक मार्केट क्रैश होने से सारे सिंगर्स को नौकरी से निकाल दिया गया, हैटी की भी नौकरी चली गई। परिवार का खर्च उठाने के लिए हैटी ने नाइटक्लब सबर्बन इन में बाथरूम अटेंडर बनकर काम किया। एक दिन उस नाइटक्लब के बंद होने से पहले ही सारे सिंगर्स घर निकल गए। भीड़ परफॉर्मेंस का इंतजार कर रही थी तो हैटी खुद स्टेज पर जाकर गाने लगीं। उनकी परफॉर्मेंस इतनी बेहतरीन थी कि नाइटक्लब के मालिक ने उन्हें ही सिंगर की जगह दे दी। 2 साल बाद ग्रेट डिप्रेशन के समय नाइटक्लब बंद होने से फिर हैटी की नौकरी चली गई।

### 20 डॉलर पर्स में डालकर पहुंच गई थीं हॉलीवुड

नौकरी जाने पर हैटी ने एक दिन हॉलीवुड जाने का फैसला किया। उन्होंने अपनी जमापूंजी पर्स में डाली जो महज 20 डॉलर थी और हॉलीवुड के लिए रवाना हो गई। इनका भाई सैम पहले ही एक्टर था। यहां उन्होंने कभी नौकरानी का काम किया, कभी कुक का। एक रेडियो शो में इनको 'हे हेट हैटी' नाम से एक प्रोग्राम मिला, जिसमें वो मालिकों को परेशान करने की बात करती थीं। सैलेरी इतनी कम थी कि रेडियो में प्रोग्राम आने के बावजूद ये मेड की तरह काम करती रहीं।

### पहला रोल मिला तो वो भी नौकरानी का

कुछ सालों के संघर्ष के बाद 1937 में हैटी को हॉलीवुड फिल्मों में मजाकिया नौकरानियों के रोल दिए जाने लगे। हॉलीवुड फिल्मों में इस तरह के रोल करना लोग अपमानजनक समझते थे, लेकिन हैटी ये रोल खुशी-खुशी करने को तैयार थीं। ब्लैक कम्यूनिटी के लोगों ने भी इनको मिलने वाले ऐसे रोल्स का विरोध किया। ब्लैक कम्यूनिटी के लोग चाहते थे कि हैटी ये रोल न करें।

### बड़ी फिल्म मिली तो गोरों ने किया जमकर विरोध

1939 की फिल्म गॉन विद द विंड में हैटी मैक्डेनियल को मैमी नाम की एक नौकरानी का रोल मिला। फिल्म की हीरोइन ब्रिटिश विवियन लीग थीं। फिल्म की कास्टिंग से ही रंगभेद पर बड़ी बहस छिड़ गई। मालकिन गोरी और सारी नौकरानियां ब्लैक। कई विवादों के बाद फिल्म बनना शुरू हुई। हैटी के अलावा फिल्म में बटरफ्लाई मैक्क्वीन नाम की ब्लैक एक्ट्रेस भी थीं, जिन्हें भी नौकरानी का रोल दिया गया था।

जब उन्होंने अपने रोल के खिलाफ आवाज उठाई और कहा कि हीरोइन को उन्हें थप्पड़ मारने के लिए माफी मांगनी चाहिए तो उल्टा उन्हीं की लाइन्स कम कर दी गईं। मैक्डेनियल ये देखकर बटरफ्लाई को खींचकर एक तरफ ले गईं और कहा, ऐसा मत करो वरना तुम दोबारा कभी हॉलीवुड में काम नहीं कर सकोगी।

ये वो दौर था जब हॉलीवुड में रंगभेद चरम पर था। हॉलीवुड में गिने-चुने ही ब्लैक कलाकार थे, जिन्हें ज्यादातर नौकरों का या गुंडों का ही रोल दिया जाता था। इनमें ज्यादातर या तो नौकरों के रोल होते या ऐसे लोगों का जिनका मजाक बनाया जाता था। हालात इतने बदतर थे कि लंबे रोल मिलने के बावजूद ब्लैक आर्टिस्ट को मेकअप रूम तक में जगह नहीं दी जाती थी, जबकि दूसरे आम कलाकारों के लिए भी ड्रेसिंग रूम बनाए गए थे।

# सरकार देगी 10 हजार, टेबलेट की कीमत 15 हजार!

## आरएसके के फरमान से असमंजस में शिक्षक, 3177 प्राथमिक शिक्षकों को खरीदना है टेबलेट

यश भारत खास खबर

**कटनी, यशभारत। राज्य शिक्षा केन्द्र के एक फरमान ने जिले के तीन हजार से ज्यादा शिक्षकों को असमंजस में डाल दिया है। आरएसके ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि सभी प्राथमिक शिक्षकों को अब टेबलेट से बच्चों को ऑनलाइन पढ़ाई करानी होगी और टेबलेट की खरीदी शिक्षकों को करते हुए उसका बिल पोर्टल पर अपलोड करना होगा। बिल अपलोड होने के बाद इसका भुगतान आरएसके द्वारा शिक्षकों के बैंक खातें में किया जाएगा। यहां तक तो सब ठीक है, लेकिन राज्य शिक्षा केन्द्र ने प्रति टेबलेट के हिसाब से 10 हजार रूपए की राशि भुगतान करने का आदेश दिया है, जबकि बाजार में कम से 15-16 हजार रूपए का टेबलेट बिक रहा है।**

यही कारण है कि निर्देश जारी हुए कई दिन बीतने के बाद भी आरएस्के इन निर्देशों पर अब तक अमल नहीं हो सका है। उधर आरएसके के कड़े रूख के चलते डीपीसी के के डेहरिया ने सभी प्राथमिक शिक्षकों को नोटिस जारी करते हुए जबाव पेश करने के लिए कहा है। इस सबके बीच कल 15 मार्च टेबलेट खरीदने की अंतिम तारीख है। राज्य सरकार की मंशा है कि प्राइमरी स्कूलों के शिक्षक अब बच्चों को टेबलेट से पढ़ाकर समझाएं, ताकि बच्चे ऑनलाइन कहानी और चित्रों के आधार विषय-वस्तु आसानी से समझकर सीख सकें लेकिन सरकार ने टेबलेट खरीदने के लिए जो राशि दी जाएगी, वह नाकाफी साबित हो रही। बाजार में टेबलेट का शुरुआती मूल्य 15 हजार से ज्यादा बताया जा रहा है। बेहतर क्वालिटी का टेबलेट लेने पर लगभग 16 से 18 हजार रुपए चुकाने होंगे। ऐसे में 10 हजार रुपए से अधिक की राशि शिक्षकों को स्वयं वहन करना होगी। शिक्षकों की मानें तो करीब 5 हजार रुपए अपनी जेब से खर्च करना होगा, तब जाकर उच्च गुणवत्तायुक्त टेबलेट खरीदा जा सकेगा। इस तरह के अनावश्यक आर्थिक बोझ से कई शिक्षक परेशान हैं और दबी जुबान से इसका विरोध भी कर रहे। उक्त टेबलेट से शिक्षक को चार साल तक स्कूल में ऑनलाइन शिक्षा के लिए चलाना होगा। इस अवधि के बाद यह टेबलेट शिक्षक का ही हो जाएगा। यदि इस दौरान टेबलेट गुम हो जाता या टूट जाता है, तो शिक्षकों को अपनी जेब की राशि खर्च कर दोबारा खरीदना होगा। इसके लिए शासन से राशि नहीं दी जाएगी, वहीं जिन शिक्षकों की सेवानिवृत्ति में दो वर्ष या कम समय बचा है, तो उनके लिए टेबलेट खरीदना स्वैच्छिक रहेगा।



### बिल करना है अपलोड

जानकारी के मुताबिक प्राथमिक शिक्षकों के लिए टेबलेट खरीदने के मापदंड तय किए गए हैं और शिक्षक टेबलेट खरीदकर उसका बिल और फोटो एम शिक्षा मित्र पोर्टल पर अपलोड करेंगे। उसके बाद ही शिक्षकों के वेतन खाते में टेबलेट की राशि शासन से भेजी जाएगी। राज्य शिक्षा केन्द्र ने यह भी स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि 10 हजार रुपए से अधिक कीमत का टेबलेट खरीदने पर शिक्षक को स्वयं उतनी राशि वहन करना होगी। इस फरमान से जिले के लगभग 3 हजार 177 पर डेढ़ करोड़ रुपए से ज्यादा का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। टेबलेट खरीदने में यही परेशानी आ रही है।

### इनका कहना है

जिले में तीन हजार प्राथमिक शिक्षकों को टेबलेट खरीदने के लिए निर्देशित किया गया है। टेबलेट खरीदकर उसका बिल पोर्टल पर अपलोड करने के लिए कहा गया है। टेबलेट के लिए शासन से 10 हजार रूपए की राशि शिक्षकों को आवंटित की जाएगी। समस्या इस बात की है कि टेबलेट की कीमत अधिक है और शासन से जो राशि मिलेगी, वो पर्याप्त नहीं है। *-के के डेहरिया, डीपीसी*

### डीपीसी ने जारी किया नोटिस

डीपीसी के के डेहरिया ने नोटिस जारी करते हुए कहा है कि समय सीमा में टेबलेट क्रय करना था, किन्तु आज तक टेबलेट क्रय नहीं किया गया है और ना ही इससे संबंधित प्रतिवेदन जानकारी उपलब्ध कराई गई है, जिसके कारण संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र एवं कलेक्टर द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई है, जिसके कारण कार्यालय की छबि धूमिल हुई है। निर्देशित करने के बाद टेबलेट क्रय न किया जाना वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशों की अवेहलना एवं छात्रों की शैक्षणिक गुणवत्ता में रूची न लेना, इससे यह प्रतीत होता है कि कर्तव्य के प्रति लापरवाही कर हितग्राही मूलक योजना से छात्रों को योजना से वंचित किया जा रहा है। यह कृत्य कदाचरण की श्रेणी में आता है। सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 123 के तहत क्यों न अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित कर सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण, अपील नियम 1966 के तहत कार्यवाही हेतु नस्ती प्रेषित की जावेगी। इस संबंध में टेबलेट क्रय कर स्पष्टीकरण कार्यालय में प्रस्तुत करें। स्पष्टीकरण समय-सीमा में प्रस्तुत न करने या संतोषजनक न पाये जाने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।




# 13 करोड़ का टारगेट पूरा करने काटे उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन

### विद्युत विभाग ने तेज किया राजस्व वसूली अभियान, 166 उपभोक्ताओं ने जमा कराया 20 लाख बकाया

**कटनी, यशभारत।** मार्च क्लोजिंग के चलते राज्य सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा राजस्व वसूली अभियान तेज कर दिया गया है। टारगेट पूरा करने के लिए विभागों के अधिकारी रात दिन एक कर रहे हैं। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी शहर संभाग कटनी को कम्पनी मुख्यालय द्वारा 13 करोड़ का राजस्व वसूली का टारगेट दिया गया है। जिसमें मार्च में हुई न्यूनतम वसूली को देखते हुए शहर में वसूली अभियान तेज कर दिया गया है, जिसके अंतर्गत अधीक्षण अभियंता मोहम्मद अयूब खान के नेतृत्व में कटनी शहर संभाग के अंतर्गत बड़े बकायादार उपभोक्ताओं के विरुद्ध राशि वसूल करने एवं बकाया राशि जमा नहीं करने पर कनेक्शन विच्छेदन की कार्यवाही की जाएगी। इसी कड़ी में 13 मार्च को पुरैनी, माधवनगर, खिरहनी, बिलहरी क्षेत्र में विद्युत विभाग की 15 टीमों द्वारा विभिन्न घरेलू एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर बकाया राशि होने पर उक्त टीमों द्वारा विद्युत विच्छेदन एवं वसूली की कार्यवाही की गई, जिसमें माधवनगर क्षेत्र में उपभोक्ता मेसर्स शिव सागर इन्द्रज 51 हजार रूपए, प्रकाश चंद मोटवानी से 52 हजार रूपए, अरुण पाण्डेय अमीरगंज से 29 हजार 733 रूपए, अनीता गुप्ता राय कॉलोनी से 33 हजार 100 रूपए, राजकुमार मखीजा मेन बाजार से 27 हजार 135 रूपए, महेश खत्री कुम्हार मोहल्ला से 33 हजार 138 रूपए, राजश्री रतनानी 17 हजार 100 रूपए, मंजू देवी सीवर लाइन से 12 हजार 468 रूपए, पुरैनी क्षेत्र में उपभोक्ता सुनीता निषाद से 65 हजार 74 रूपए, गीता नायक 2 से 50 रूपए, मिथलेश तिवारी के 80 हजार 312 रूपए, मनोज कुमार कोल 55 हजार 373 रूपए, धर्मेन्द्र गर्ग इन्द्रानगर से 43 हजार 872, बिलहरी क्षेत्र में बहादुर दहायत से 17 हजा 645 रूपए, रामशरण मिठाईलाल से 11 हजार 645 रूपए, गोविन्द्र मिठाईलाल से 19 हजार 855 बकाया होने पर 253 उपभोक्ताओं के कनेक्शन विच्छेदन की कार्यवाही की गई एवं 166 उपभोक्ताओं से 19.38 लाख का राजस्व संग्रह किया गया। अधीक्षण अभियंता मोहम्मद अयूब खान ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि उपभोक्ता विद्युत बकाया राशि एवं चालू माह का विद्युत बिलों का भुगतान समय पर करना सुनिश्चित करे, जिससे विद्युत विच्छेदन की अप्रिय कार्यवाही से बचा जा सके।

# विधानसभा में गूंजा वेलस्पन एनर्जी का मुद्दा

### वेलस्पन द्वारा पॉवर प्लांट न लगाए व किसानों से धोखा किए जाने का मुद्दा उठाया विधायक संजय पाठक ने



**कटनी, यशभारत।** विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम डोकरिया एवं बुजबुजा में करीब 12 वर्ष पूर्व वेलस्पन एनर्जी कंपनी ने 10 हजार करोड़ की लागत से पॉवर प्लांट बनाने हेतु जमीन का अधिगृहण किया था, लेकिन आज तक पॉवर प्लांट स्थापना में कोई प्रगति नहीं हुई है। इस मामले को लेकर पूर्व मंत्री एवं विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक ने कल मप्र विधानसभा में शून्यकाल में वेलस्पन एनर्जी कंपनी द्वारा पॉवर प्लांट न लगाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने अपने प्रश्न के माध्यम से सरकार से जानना चाहा कि वेलस्पन कंपनी द्वारा जमीन लेते समय शासन को, किसानों को और मुझे स्वयं यह आश्वस्त किया कि प्रत्येक किसान को जमीनों के रेट से ढाई गुना ज्यादा मुआवजा दिया जाएगा। हर किसान के परिवार से एक सदस्य को नौकरी दी जाएगी, बाकी बेटों को एक-एक मोटर साइकिल देंगे। क्षेत्र में 5 हिन्दी मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल खोलेंगे। 5 इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल खोलेंगे। 50 आंगनबाडियों को गोद लेंगे। शासकीय बरही महाविद्यालय के भवन को बनाकर देंगे, साथ ही दस हजार करोड़ से बनने वाले प्लांट में 4 हजार से ज्यादा लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार देंगे। कान्ट्रेक्ट बेस पर कार्य मिलेगा। इन्हीं शर्तों के आधार पर कि क्षेत्र के लोगों को रोजगार मिलेगा, हर परिवार को, उनकी जमीनों का ढाई गुना ज्यादा मुआवजा मिलेगा। किसानों के बाकी बेटों को मोटर साइकिल भी दी जायेगी और बेरोजगार नौजवानों का समूह बनाकर उन्हें भी कान्ट्रेक्ट बेस पर कार्य मिलेगा, साथ ही 3-4 हजार बेरोजगारों को रोजगार देंगे। इन शर्तों पर वेलस्पन कंपनी प्रोजेक्ट लेकर आई, जिस पर शासन से अनुबंध करके किसानों की जमीनों का अधिग्रहण कराया। अधिग्रहण के बाद 11-12 वर्षों में इन्होंने वहां पर एक इंच का काम भी नहीं किया। अधिग्रहित भूमि को, जिसमें 4 हजार लोगों को रोजगार प्रदान किया जाना था, किसानों से शासन के माध्यम से जमीनें अधिग्रहित कर भूमि पर बाउंड्रीवाल बनाकर किसी दूसरी कंपनी को आठ गुना से ज्यादा दामों में बेच दिया गया है तथा कटनी जिले के अधिकारियों द्वारा इसका नामांतरण भी बिना स्टाम्प शुल्क चुकाकर सुनियोजित ढंग से शासन को भारी राजस्व की क्षति पहुंचाते हुए कर दिया गया, जिसके फलस्वरूप उस भूमि पर ना तो प्लांट लगा है और ना ही किसान खेती कर पा रहे हैं। उद्योग विभाग के एवं एग्रीमेंट अनुबंध की शर्तें पूरी न करने तथा किसानों के साथ इतने बड़े धोखे हेतु जिम्मेदार वेलस्पन एनर्जी कंपनी द्वारा अधिग्रहित भूमि का अधिग्रहण निरस्त करते हुए किसानों को उक्त भूमि वापस दिलाते कृषि कार्य करने दिया जाए।



# हजरत इत्रशाह दाता पीरबाबा का सालाना उर्स कल से

### 5 दिवसीय कार्यक्रम में होंगे विविध आयोजन

**कटनी, यशभारत।** कौमी एकता की मिसाल पीर बाबा हजरत इत्रशाह दाता पीरबाबा का सालाना उर्स आस्ताना हजरत इत्र शाह दाता र.अ.पीरबाबा के गद्दी नशीन पीरे तरीकत आले रसूल हजरत अल्हाज अशशाह सैय्यद फहीम अशरफी साहब किबला अशरफी उल जिलानी की सरपरस्ती में कल 15 मार्च से प्रारंभ होने जा रहा है। पांच दिवसीय कार्यक्रम में विविध आयोजन किये जाने की तैयारियां जोरों पर हैं। उर्स को लेकर चल रही तैयारियों व आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए उर्स कमेटी के अध्यक्ष तनवीर खान तन्नू ने बताया कि पांच दिवसीय उर्स में 15 मार्च को परचम कुशाई, 16 मार्च को मिलाद शरीफ, 17 मार्च की रात 10 बजे से कव्वाली का आयोजन होगा। कव्वाली में मुंबई के जुनैद सुल्तानी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। इसी क्रम में 18 मार्च को भी कव्वाली व उर्स के अंतिम दिन 19 मार्च को महफिल ए समा का आयोजन होगा, जिसमें गुजरात के अनीस नवाब हिस्सा लेंगे। कमेटी के अध्यक्ष तनवीर खान ने बताया कि पीर बाबा का उर्स कौमी एकता की मिशाल पेश करता रहा है। बाबा की दरगाह के सामने श्री हनुमान जी, श्री राम जी, सीता माता जी का मंदिर भी है, जहां दोनों धर्मों के लोगों का प्रतिदिन आना जाना होता है बाबा के उर्स के चलते उर्स कमेटी द्वारा मंदिर में भी साज सज्जा की जा रही हैं। उर्स में सभी धर्मों के लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते रहे है। उन्होंने जिले वासियों से उर्स में हिस्सा लेने की अपील की है।

# पत्नी से बदला लेने पति ने जीजा के साथ मिलकर गाड़ी में लगाई आग

### मायके में रह रही थी पत्नी, अनबन के चलते कोर्ट में लगाया तलाक का केस, कुठला थाना क्षेत्र के ग्राम मदनपुरा की घटना

**कटनी, यशभारत। पति-पत्नी के बीच आपसी अनबन के कारण पत्नी मायके में रहने लगी। पति ने न्यायालय में तलाक के लिए आवदेन लगा दिया, इसके बाद भी पत्नी को यातनाएं दे रहा है। विगत दिवस अजीबों गरीब वारदात को अंजाम दिया। पति ने अपने जीजा के साथ मिलकर मायके में अलग रह रही पत्नी के घर में घुसकर उसका नया दो पहिया वाहन चोरी करके ले गए और आग लगाकर खाक कर दिया। पुलिस ने शिकायत पर मामले की जांच की तो घटना का खुलासा हुआ।**



एसपी सुनील कुमार जैन के निर्देशन में कुठला पुलिस ने दो पहिया चोरी के मामले में चौकाने वाला खुलासा किया है। घटना को अंजाम देने वाले पति और उसके जीजा को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम मदनपुरा निवासी 28 वर्षीय मिथिलेश कुमारी पटेल पिता रामकृपाल पटेल ने कुठला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि दो पहिया 6जी मोपेड कीमती 96 हजार 800 रुपए की चोरी हो गई है। कुठला टीआई अरविंद जैन ने घर के आंगन से नया वाहन चोरी हो जाने के मामले को गंभीरता से लिया। एफआइआर दर्ज कर सहायक उपनिरीक्षक अवध भूषण दुबे, प्रधान आरक्षक रामेश्वर सिंह एवं प्रधान आरक्षक अजय यादव के साथ मिलकर बारीकी से जांच की। जांच के दौरान चौकाने वाला खुलासा हुआ। वाहन चोरी करने के मामले में मिथिलेश पटेल का पति चंदूलाल पटेल निवासी ग्राम कैलवारा कला व उसका जीजा गुरुचरण पटेल निवासी ग्राम मतवार पड़रिया थाना कुठला निकला। पूछताछ में बताया कि वाहन चोरी करने मदनपुरा के जंगल में ले जाकर जला दिए हैं। सबूतों के साथ आरोपियों को गिरफ्तार किया।

### मामला दर्ज, आरोपी गिरफ्तार

पूछताछ में आरोपी चंदूलाल पटेल ने बताया कि 2012 में मिथिलेश पटेल से विवाह हुआ, लेकिन अनबनत के चलते कटनी न्यायालय में तलाक का प्रकरण लगाया गया है। पत्नी से इसी बात की रंजिश रखते हुए 9-10 मार्च की रात जीजा के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 457, 380, 435, 427, 201, 34 के तहत अपराध दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

JOB OPENING
Requirement/Skills
1. Tally Prime, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni M.P.
Contact- Ayush Jain
Mo. 8989020207

### पुलिस की दबिश, कई ठिकानों से जब्त की अवैध शराब

**कटनी, यशभारत।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में दबिश देकर पुलिस ने शराब जब्त की है। कुठला पुलिस ने कैमोरी बिलहरी में देवकलिया बाई मांझी व रेखा मांझी पति सोहन मांझी निवासी कैमोरी बिलहरी को 5-5 लीटर शराबए तिलियापार पुरैनी में सोनापति निषाद पति शिवनारायण निषाद को 2 लीटर कच्ची महुआ शराब, पुरैनी शासकीय स्कूल के पास जानू कोल को 3 लीटर कच्ची शराब सहित पकड़ा है। स्लीमनाबाद पुलिस ने ग्राम राखी में अजय यादव को 3 लीटर शराब, उमरियापान पुलिस ने परसेल में नरेश कोल निवासी कुम्ही मझगवां को 18 पाव देशी शराब, उमरियापान पुलिस ने ग्राम परसेल में ज्ञानी कोल को 18 पाव देशी शराब, बाकल पुलिस ने ग्राम सांडा में शंकर उर्फकोदू यादव को 3 लीटर कच्ची महुआ शराब सहित पकड़ा है।






सभी प्रकार के रेडीमेड प्रीकास्ट वॉल हमारे यहां उचित रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
बजाज इंडस्ट्रीज
पता- इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 142 कटायेघाट, कटनी
मो. 8889696888

आवश्यकता है
अनुभवी, योग्य, नर्सिंग महिला स्टाफ की। कंप्यूटर का ज्ञान होने पर प्राथमिकता। सैलरी योग्यतानुसार। **पता - डॉक्टर एस. के. शर्मा,** सीआरएम क्लीनिक बिहारी सोनी मार्केट आजाद चौक, कटनी। मिलने का समय- शाम 3 से 4.30 बजे, **संपर्क- 9425158548**

REQUIREMENT
We require an male or female Tally prime /Busy soft-ware accountant ability to work on computer & internet.
**Salay- 10000/-**
**Contact no. 9425465227**

### बाजार नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बड़गांव, जनपद पंचायत रीठी जिला, कटनी में प्रतिवर्ष लगने वाले पशु बाजार की नीलामी 16.03.2023 को दोपहर 12 से ग्राम पंचायत भवन में शुरू की जानी है। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि पर उपस्थित होकर बोली लगा सकता है। विस्तृत जानकारी के लिए ग्राम पंचायत बड़गांव में कार्यालयीन समय पर संपर्क करें।

**सरपंच- सचिव**
**ग्राम पंचायत बड़गांव, जनपद पंचायत रीठी, जिला कटनी (म.प्र.)**

SGAT
शकुंतला ग्रेनाईट एण्ड टाईल्स
सभी प्रकार के मार्बल, ग्रेनाईट टाईल्स, कड़प्पा, कोटा, सीमेंट सेनेटरी के थोक एवं फुटकर विक्रेता
पता- आस्था प्लाजा के बगल में बरगवां, कटनी (म.प्र.), मो. 9009767272, 7694800301, 9981895362
ईमेल- sgatkani11@gmail.com

मरीज की सुरक्षा पहली प्राथमिकता
एडवांस्ड
सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
32-96 स्लाइस की अति आधुनिक 2021 मॉडल की मशीन परंपरागत सीटी मशीन की तुलना में रेडिएशन के दुष्प्रभाव से बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है।
क्योंकि इसमें है विश्वस्तरीय टिन टेक्नॉलाजी एवं आर्टीफिशियल इन्टेलीजेन्स
समय के साथ विश्व स्तर पर विस्तृत हो रही टेक्नॉलाजी को अपनाएं एवं बेहतर सुरक्षा के साथ बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक चौदहा की क्लीनिक के सामने
9893723087, 8319994375, 8103404843 फोन 07622-494511





प्रत्येक माह के चौथे रविवार महाकौशल के सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ अब आपके शहर कटनी में
डॉ. अखिलेश दुबे
• एंजियोग्राफी • एंजियोप्लास्टी • पेसमेकर • वाल्व प्रकिया • बायपास
आयुष्मान सुविधा उपलब्ध रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें
गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल उखरी रोड, विजय नगर, जबलपुर
स्पर्श मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल हीरा गंज, शनि मंदिर के पास, कटनी दोपहर 12:00 से 2:00 बजे तक
जीवन ज्योति हॉस्पिटल माधव नगर, गेट के सामने, कटनी दोपहर 2:00 से 4:00 बजे तक
6232571740, 7489927249

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)